RNI NO. PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 03 | ISSUE 62 | FRIDAY DATE 27-03-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## गुस्ताखी माफ

सिर-माथे धारण करें, जो कहते मां-बाप।
जिस खूंटे से बांध दें, बंध जायें चुपचाप।
बंध जायें चुपचाप, करें ना आनाकानी।
खूंटा कोई भले, घास ही तो है खानी।
कह साहिल कविराय, बतायें अब क्या कारण।
जो कहते मां-बाप, करें सिर-माथे धारण।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

# बेटियों को आगे बढ़ाने में सरकार करेगी पूरी मदद : रेखा गुप्ता

» नयी दिल्ली, यूटर्न/ 26 मार्च।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को शालीमार बाग विधानसभा के सरकारी स्कूलों में इस वर्ष 10वीं कक्षा में प्रवेश लेने वाली 1100 छात्राओं को साइकिल वितरित की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बेटियों को 'देवी स्वरूपा' बताते हुए उन्हें नमन किया और कहा कि नवरात्रि केवल पूजा का नहीं, बल्कि बेटियों के सम्मान और उनके सशक्त भविष्य का संकल्प लेने का पर्व है।

उन्होंने बताया कि हाल ही में प्रस्तुत दिल्ली बजट में उन्होंने बेटियों, बहनों और महिलाओं के लिए अधिकतम योजनाएं शामिल करने का प्रयास किया है ताकि समाज का यह वर्ग सशक्त और आत्मनिर्भर बन सके।

उन्होंने 'लखपति बिटिया योजना' का उल्लेख करते हुए कहा कि अब दिल्ली में जन्म लेने वाली हर बेटी के भविष्य की आर्थिक नींव सरकार खुद रखेगी।

श्रीमती गुप्ता ने बताया कि बेटी के जन्म से लेकर पहली, छठी, नौवीं, बारहवीं कक्षा और फिर कॉलेज के प्रत्येक वर्ष तक सरकार सीधे उसके खाते में आर्थिक सहायता जमा करेगी। स्नातक पूरी करने तक हर बेटी को लगभग 1.25 लाख रुपये की सहायता मिलेगी, जिससे वह 'लखपति बिटिया' बनकर आत्मविश्वास के साथ जीवन में आगे बढ़ सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह चाहती हैं कि दिल्ली की हर बेटी स्कूल ही नहीं, कॉलेज तक पढ़े, अपने पैरों पर खड़ी हो और अपना भविष्य खुद बनाए।



मुख्यमंत्री ने कहा कि जब उन्होंने छात्राओं से उनकी समस्याएं जानीं तो पता चला कि स्कूल आने-जाने में कठिनाई के कारण कई बार पढ़ाई प्रभावित होती है, यहां तक कि कुछ बच्चियों को स्कूल छोड़ना पड़ता है।

इसी समस्या के समाधान के लिए सरकार ने निर्णय लिया कि हर वर्ष नौवीं कक्षा में आने वाली प्रत्येक छात्रा को साइकिल दी जाएगी।

इस वर्ष लगभग 1,30,000 छात्राओं को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जहां नौवीं की छात्राओं को साइकिल सरकार की ओर से दी जाएगी, वहीं इस अवसर पर 10वीं में पहुंची छात्राओं को उन्होंने व्यक्तिगत पहल के तहत साइकिल भेंट की है। मुख्यमंत्री ने कुछ राजनीतिक टिप्पणियों पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि बेटियों को साइकिल देने जैसी योजना पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणियां बेहद शर्मनाक हैं।

उन्होंने कहा कि हमारी बेटियां देवी हैं, उनके भविष्य के लिए बनाई गई योजना पर ऐसी बातें करना दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसी सोच पर उन्हें शर्म आती है। श्रीमती गुप्ता ने भरोसा दिलाया कि दिल्ली सरकार उनकी सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी लेती है और हर बेटी को आगे बढ़ने का पूरा अवसर दिया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### मोदी ने आंध्रप्रदेश में बस हादसे के मृतकों के लिए घोषित की सहायता राशि

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 26 मार्च।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के प्रकाशम ज़िले में हुए एक सड़क हादसे पर शोक जताया है और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए सहायता राशि की घोषणा की है। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट किये गये एक संदेश में कहा, 'आंध्र प्रदेश के प्रकाशम ज़िले में हुआ हादसा दुखद है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। घायल लोग जल्द से जल्द स्वस्थ हों, यही मेरी कामना है। उन्होंने इस घटना से प्रभावित लोगों की मदद के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से सहायता राशि देने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा, ' पीएमएनआरएफ से हर मृतक के परिजनों को दो लाख रुपये सहायता राशि दी जायेगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।

### संगम विहार में एलपीजी रिफिलिंग रैकेट का भंडाफोड़ किया , 183 सिलेंडर जब्त

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 26 मार्च।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने दक्षिण दिल्ली के संगम विहार इलाके में चल रहे अवैध एलपीजी रिफिलिंग और जमाखोरी रैकेट का भंडाफोड़ किया है। एक पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के धार पर एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स के अधिकारियों ने तीन किराए के गोदामों पर छापा मारा और रिफिलिंग के उपकरणों के साथ कुल 183 इंडेन गैस सिलेंडर बरामद किए। पुलिस ने इस मामले में शामिल चार आरोपियों शेर सिंह , सूरज परिहार, रघु राज सिंह और जितेंद्र शर्मा को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त (दरियागंज) राहुल अग्रवाल ने बताया कि ये चारों आरोपी उस इलाके में चल रही एक अधिकृत इंडेन एलपीजी वितरक से जुड़े पंजीकृत डिलीवरी कर्मचारी हैं। जब्त स्टॉक में 154 भरे हुए और 29 खाली सिलेंडर शामिल थे। इस मामले में आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3 और 7 तथा भारतीय न्याय संहिता के संबंधित प्रावधानों के तहत क्राइम ब्रांच थाने में मामला दर्ज किया गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।


### नोएडा में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, हथियार के साथ इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा, यूटर्न/ 26 मार्च।** गौतमबुद्धनगर में अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सूरजपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित 15 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा (.315 बोर) और एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, दिनांक 25 मार्च को थाना सूरजपुर की टीम ने कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे अभियुक्त अभिषेक गौतम उर्फ रवि को ग्राम खेड़ी कट क्षेत्र से गिरफ्तार किया।

आरोपी की गिरफ्तारी लंबे समय से पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई थी। उसकी गिरफ्तारी के लिए डीसीपी सेंट्रल नोएडा द्वारा 15 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था। पूछताछ में सामने आया है कि अभियुक्त अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर एक संगठित गिरोह चलाता था। यह गिरोह मुख्य रूप से घरों में घुसकर चोरी और नकबजनी की घटनाओं को अंजाम देता था।

## रेखा गुप्ता के साइकिल वितरण के कार्यक्रम महज दिखावटी: डॉ. नरेश

» नयी दिल्ली, यूटर्न/ 26 मार्च।



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता डॉ. नरेश कुमार ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साइकिल वितरण के कार्यक्रम को दिखावटी करार दिया है और कहा है कि असली मुद्दों के ध्यान भटकाने के लिए सरकार इस तरह के कार्यक्रम का सहारा ले रही है। डॉ. नरेश ने शुक्रवार को संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि सरकार असली मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए इस तरह के कार्यक्रमों का सहारा ले रही है। सरकारी विद्यालयों में बुनियादी सुविधाओं की कमी और शिक्षकों की भारी कमी हैं। उन्होंने कहा कि बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देना निश्चित रूप से जरूरी है, लेकिन इसके लिए केवल साइकिल बांटना पर्याप्त नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार शिक्षा के क्षेत्र में ठोस काम करने के बजाय प्रचारात्मक कार्यक्रमों पर ज्यादा ध्यान दे रही है, जिसकी वजह से शिक्षा के क्षेत्र में जमीनी स्तर पर कोई सुधार नजर नहीं आ रहा। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि जो पार्टी कभी वंचितों को मिलने वाली मुफ्त सुविधा को 'रेवड़ी' बताती थी, आज वही खुद उसी राह पर चल पड़ी है। डॉ. नरेश ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने पिछले एक साल में एक भी नया स्कूल, कॉलेज या विश्वविद्यालय नहीं बनाया है। उन्होंने कहा कि श्रीमती गुप्ता और उनके कैबिनेट मंत्रियों के बीच तालमेल की कमी साफ दिखाई देती है।

## दिल्ली सरकार का स्वच्छ हवा के लिए 21 फीसद बजट देने का दावा जुमला : आप

» नयी दिल्ली, यूटर्न/ 26 मार्च।

आम आदमी पार्टी (आप) ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार का स्वच्छ हवा के लिए 21 फीसद बजट देने का दावा पूरी तरह जुमला है। आप के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार के बजट को ग्रीन बजट बताकर खूब हल्ला मचाया जा रहा है।

पूरी सरकार ग्रीन बजट का प्रचार करने में जी जान से जुटी है और मीडिया में असलियत को छिपाकर फर्जी कहानी प्लांट कराई जा रही है।

सरकार का दावा है कि ग्रीन बजट के तहत सरकार ने दिल्ली को साफ सुथरी हवा देने के लिए 22 हजार करोड़ रुपए का भारी भरकम बजट आवंटित किया है।




इस 22 हजार करोड़ से क्या क्या काम किए जाएंगे और ये 22 हजार रुपए आयेंगे कहां से, इन बिंदुओं पर कोई विस्तृत चर्चा नहीं हो रही है। श्री भारद्वाज ने कहा, 'मेरे मन में सवाल उपजा कि अगर दिल्ली की हवा साफ करने के लिए 22 हजार करोड़ रुपए दिए जा रहे हैं तो कहीं से तो किसी न किसी दूसरे मद से बजट काटे गए होंगे। सरकार कहीं का पैसा काटेगी तभी तो देगी, क्योंकि बजट तो लगभग एक लाख करोड़ रुपए का ही है, जितना पिछले साल का था।

## नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के जरिए बिहार में उत्सव का मौका दिया : नितिन नवीन

» पटना, यूटर्न/ 26 मार्च।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने गुरुवार को कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी समृद्धि यात्रा के जरिए बिहार में उत्सव का मौका पैदा किया है। बिहार अब विकास के अपने इस सफर में इसी उत्सव के वातावरण में आगे बढ़ेगा।



भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन राजधानी पटना के बापू सभागार में समृद्धि यात्रा के जन संवाद कार्यक्रम में सम्मिलित हुए और लोगों को संबोधित किया।

उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ मंच साझा करते हुए उनकी खूब तारीफ की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने नाउम्मीद के दौर से निकालकर बिहार को विश्वास के साथ विकास से जोड़ा और बिहारियों के सम्मान को लौटाने का काम किया है। आज हर बिहारी खुद को गौरवान्वित महसूस करता है।

उन्होंने कहा कि एक विधायक के तौर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में मुझे भी काफी कुछ सीखने का मौका मिला है। संभवतः एक विधायक के तौर पर यह आखिरी सरकारी कार्यक्रम हो, लेकिन लोगों को विश्वास दिलाता हूं कि पटना और बिहार के विकास को मुख्यमंत्री ने जो नया आयाम बनाया है, उसे आने वाले दिनों में भी केंद्र सरकार की मदद से और गति देने का काम करूंगा। नितिन नवीन ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार ने 2005 में प्रदेश में कार्य करने वाली संस्कृति बनाई। उस समय सरकार के नुमाइंदे जनता के प्रति जवाबदेह कम रहते थे।

## एलपीजी संकट पर बोले सीएम योगी, लाइन लगाने की जरूरत नहीं, घर पहुंचेगा गैस सिलेंडर

» गोरखपुर, यूटर्न/ 26 मार्च।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य की जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि रसोई गैस सिलेंडर लेने के लिए एजेंसी के बाहर लाइन लगाने की आवश्यकता नहीं है, निर्धारित समय पर बुकिंग कराएं, सिलेंडर आपके घर पहुंच जाएगा। इसी तरह आवश्यकता होने पर ही पेट्रोल-डीजल लेने जाएं, फिलिंग सेंटरों पर लाइन लगाने की कोई जरूरत नहीं है। कुछ लोग अफवाह फैला कर राज्य का माहौल खराब करना चाहते हैं, अव्यवस्था फैलाना चाह रहे हैं। लोगों को अफवाहों पर ध्यान नहीं देना चाहिए।



सीएम योगी ने गुरुवार को गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र (गीडा) में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क के उद्घाटन समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि गल्फ वॉर के पहले अगर किसी के घर रसोई गैस का सिलेंडर एक महीने चलता था तो वह आज पांचवें या छठवें दिन ही सिलेंडर लेने क्यों पहुंच रहा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्धारित समय पर ही बुकिंग कराएं, आपकी बारी आने पर रसोई गैस आपके घर तक पहुंच जाएगी। सरकार ने सभी जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। जैसे पहले गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी होती थी, वैसे ही अब भी होगी। इसके लिए एजेंसी के बाहर लाइन लगाने की कोई जरूरत नहीं है। पेट्रोल-डीजल लेने तभी जाएं, जब आवश्यकता हो, लाइन लगाने की आवश्यकता नहीं है। कुछ लोगों द्वारा साजिश के तहत फैलाई जा रही अफवाहों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर हम उतावलेपन में आकर किसी अफवाह या दुष्प्रचार के चक्कर में पड़ते हैं तो हमारी राष्ट्रभक्ति पर लोग संदेह करेंगे।

# गैस एजेंसी मालिक ने कालाबाजारी के लिए जमा किए थे 459 कमर्शियल गैस सिलेंडर, पुलिस ने मारा छापा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 मार्च।**

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच (डब्ल्यूआर-आई) ने खुफिया जानकारी के आधार पर दिल्ली के रानहोला क्षेत्र में कई स्थानों पर छापेमारी की, जिसमें एलपीजी सिलेंडरों के अवैध भंडारण और रिफिलिंग रैकेट का पदार्फाश हुआ। छापेमारी के दौरान 459 खाली गैस सिलेंडर बरामद हुए हैं।



एलपीजी की कमी को लेकर बनी आशंकाओं को देखते हुए जमाखोरों को पकड़ने के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया। इंस्पेक्टर प्रदीप के नेतृत्व में एक विशेष टीम को रानहोला क्षेत्र में एलपीजी सिलेंडरों की जमाखोरी के संबंध में गुप्त सूचना मिली।

इसके बाद टीम ने निथोली रोड पर स्थित एचपी बालाजी गैस एजेंसी पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान गैस एजेंसी के मालिक सुशील कुमार सिंघल निवासी निहाल विहार को एलपीजी सिलेंडरों की अवैध जमाखोरी में सक्रिय रूप से लिप्त पाया गया। खाद्य आपूर्ति अधिकारी (एफएसओ) जग प्रवेश को तुरंत मौके पर बुलाया गया, जिन्होंने आवश्यक कार्रवाई की।

बरामद सिलेंडर बिक्री क्षेत्र प्रबंधक (हिंदुस्तान पेट्रोलियम गैस) संजय कुमार मेहता को सौंप दिए गए। इसके साथ ही पुलिस स्टेशन क्राइम ब्रांच में मामला दर्ज किया गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। छापेमारी के दौरान कुल 459 खाली व्यावसायिक सिलेंडर बरामद किए गए हैं।

गैस एजेंसी का मालिक स्टॉक पर नियंत्रण का दुरुपयोग करते हुए एलपीजी सिलेंडरों की अवैध जमाखोरी और कालाबाजारी में लिप्त था। निर्धारित नियमों और विनियमों का पालन करने के बजाय उसने बिना किसी वैध अनुमति के अपने एजेंसी परिसर में बड़ी संख्या में व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर (इंडेन और भारत पेट्रोलियम) गुप्त रूप से जमा कर लिए थे। गैस आपूर्ति में व्यवधान और परिणामस्वरूप मांग-आपूर्ति के अंतर का लाभ उठाते हुए, आरोपी ने कृत्रिम कमी पैदा करने के लिए सिलेंडरों को वैध वितरण चैनलों से जानबूझकर रोक रखा था। जमा किए गए सिलेंडरों को खुले बाजार में बढ़ी हुई कीमतों पर बेचकर अवैध लाभ कमाने का इरादा था। अवैध स्टॉक को नियमित व्यावसायिक इन्वेंट्री की आड़ में रखा गया था, ताकि प्रवर्तन एजेंसियों को संदेह न हो और वे पकड़ में न आएं।



## दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच की बड़ी कार्रवाई, रोहित चौधरी गैंग का सदस्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 मार्च।** दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच की एनआर-II टीम ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। एसीपी गिरीश कौशिक की सतर्क निगरानी और इंस्पेक्टर संदीप स्वामी के कुशल नेतृत्व में पुलिस ने प्रदीप गुलाटी उर्फ पारस को गिरफ्तार किया है। प्रदीप गुलाटी, रोहित चौधरी गैंग का एक सक्रिय सदस्य है और दिल्ली के कालकाजी का निवासी है। उसके पास से भारी मात्रा में अवैध हथियार और गोलियां बरामद की गई हैं। इस गिरफ्तारी के बाद संबंधित धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। हेड कॉन्स्टेबल सुमित कुमार को गैंग के सदस्यों द्वारा जबरन वसूली, अवैध हथियार सप्लाई और हिंसक गतिविधियों में शामिल होने की खुफिया जानकारी मिली। इसके बाद क्राइम ब्रांच की एक टीम ने निगरानी और जांच शुरू की।

## संक्षिप्त खबरें

### 22 दिन बाद दर्ज हुआ चेन छिनैती का मामला

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 26 मार्च।** थानाक्षेत्र के नीतिखंड एक निवासी अजय कुमार की सोने चेन लूटने के मामले में पुलिस ने वारदात के 22 दिन बाद मंगलवार को दर्ज किया है। वारदात के समय जब अजय घर के बाहर टहल रहे थे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है। अजय ने पुलिस को बताया कि तीन मार्च की रात करीब दस बजे खाना खाने के बाद घर के बाहर टहल रहे थे। घर से कुछ ही दूरी पर दो स्कूटी सवार युवक उनके पास पहुंचे और झपट्टा मारकर गले पर झपट्टा मारकर चेन खींच ले गए। उन्होंने आरोपियों को पकड़ने का प्रयास भी किया। लेकिन स्कूटी सवार बदमाश भाग निकले। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि देरी से प्राथमिकी दर्ज होने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

### ब्रेन स्ट्रोक, थ्रोम्बोलिटिक्स उपचार पद्धति लोगों को दे रही जीवनदान

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 26 मार्च।** मेडिकल इमरजेंसी के दौर में समय ही जीवन है की कहावत ब्रेन स्ट्रोक के मामलों में पूरी तरह सटीक बैठती है। स्ट्रोक के गंभीर खतरों को देखते हुए सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल अब मरीजों के लिए नई उम्मीद बनकर उभरा है। अस्पताल में उपलब्ध थ्रोम्बोलिटिक्स उपचार पद्धति ब्रेन स्ट्रोक के मरीजों की जान बचाने में अत्यंत प्रभावी साबित हो रही है। प्रशासन के आंकड़ों के अनुसार, हर महीने औसतन दो से तीन मरीज इस अत्याधुनिक सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। चिकित्सा विशेषज्ञों के मुताबिक, स्ट्रोक के लक्षण दिखने के शुरूआती तीन से चार घंटे गोल्डन आवर होते हैं।

### हर्ष फायरिंग का आरोपी दो माह बाद हत्थे चढ़ा

**खोड़ा, यूटर्न/ 26 मार्च।** थानाक्षेत्र के वंदना एन्क्लेव में मंगलवार को हर्ष फायरिंग का आरोपी दो माह बाद पुलिस के हत्थे चढ़ा है। आरोपी बुलंदशहर के कलेना गांव निवासी आशीष राजोरा है। 26 जनवरी को उसने तमंचे से हर्ष फायरिंग की थी। मामले में वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर तलाश शुरू की थी। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि 26 जनवरी को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें एक युवक हर्ष फायरिंग करता दिखाई दे रहा था। मामले की जांच शुरू की गई तो वीडियो वंदना एन्क्लेव निवासी अनीश शर्मा के घर के पास की होने का पता चला। पुलिस इसके बाद अनीश के घर तक पहुंची।

## दिल्ली के दियालपुर में नाबालिग किशोर की बेरहमी से हत्या, मां बोली-जानने वाले थे आरोपी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 मार्च।**

दिल्ली के उत्तर-पूर्व दिल्ली के दियालपुर इलाके में एक नाबालिग किशोर की बेरहमी से चाकू मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में हत्या का केस दर्ज कर लिया है और घटनास्थल से सबूत जुटाए हैं। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का विश्लेषण किया जा रहा है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जीटीबी अस्पताल भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

मृतक की मां शुभान मलिक ने बताया कि यह घटना बेहद बेरहमी से अंजाम दी गई। आधे घंटे के भीतर उन्होंने मेरे बेटे को मार डाला। मेरे बेटे को गले लगाकर यहां से ले गए। ये लोग हमें पहले से जानते हैं और पहले भी कई हत्याएं कर चुके हैं। इन्हें पहले भी जेल हो चुकी है और ये लोग छूटकर आए थे, लेकिन फिर से हत्या करने लगे हैं। मैं तो चाहती हूं कि इन्हें फांसी मिले।



शुभान मलिक ने बताया कि उनका बेटा केवल एक हफ्ते की छुट्टी पर अपने घर आया था। वह मौलियत की पढ़ाई करने जाने वाला था लेकिन उसे मार दिया गया। उन्होंने बताया कि वह 15-16 साल का था और उनका सबसे बड़ा बेटा था। उन्होंने रोते हुए कहा, 'मेरा बेटा बहुत मासूम और नेकदिल था। इतनी बेरहमी से उसे मारना किसी के लिए भी सहन करना मुश्किल है।'

## समालखा पहुंचे हाईकोर्ट जज ने आरटीआई एक्टिविस्ट के संघर्ष की खूब सराहना

» **पानीपत, यूटर्न/ 26 मार्च।**

आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर ने पारदर्शिता जवाबदेही के लिए और भ्रष्टाचार के खिलाफ बहुत ही सराहनीय संघर्ष किया है, पीपी कपूर के कारण मैं समालखा को जनता हूं। यह विचार पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट हाईकोर्ट के जस्टिस्ट विनोद एस भारद्वाज ने समालखा बार एसोसिएशन द्वारा उनके अभिनंदन समारोह में उपस्थित सभी वकीलों के समक्ष अपने संबोधन में व्यक्त किए। जस्टिस भारद्वाज बतौर इंस्पेक्टिंग जज यहां समालखा कोर्ट की इंस्पेक्शन करने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि पानीपत और समालखा को मैं दो तरीके से जनता हूं। पानीपत में तो एक सीनियर एडवोकेट के बेटे के साथ मैने वकालत की। जबकि समालखा को पीपी कपूर की वजह से जानता हूं, जिन्होंने शासन प्रशासन में पारदर्शिता जवाबदेही के लिए व भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष का सराहनीय कार्य किया है। हार्डकोर्ट के जज के मुख से शहरवासी एक्टिविस्ट की सराहना सुन कर कई वकीलों ने कपूर को फोन पर व ऑफि स में आकर बधाई भी दी।



## रामनवमी पर दिल्ली के उत्तम नगर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था, 650 पुलिसकर्मी और सीआरपीएफ तैनात




» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 मार्च।**

रामनवमी के मौके पर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के उत्तम नगर इलाके में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए यहां 650 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। 12 पैरामिलिट्री यूनिट्स को भी लगाया गया है, जिनमें सीआरपीएफ के जवान भी शामिल हैं। प्रशासन ने बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की है, ताकि त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सके।

स्थिति पर नजर रखने के लिए 25 विशेष पिकेट्स संवेदनशील और प्रमुख स्थानों पर बनाए गए हैं। इनमें उत्तम नगर थाना रोड, कलाई बस्ती, कब्रिस्तान/ईदगाह रोड और वाल्मीकि मंदिर चौक जैसे इलाके शामिल हैं। इसके अलावा उत्तम नगर, डाबरी और बिंदापुर थानों की संयुक्त पुलिस टीमें भी तैनात की गई हैं। भीड़भाड़ और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिसकर्मी मुख्य चौराहों और संकरी गलियों में मौजूद हैं।

> पुलिस ने साफ किया है कि त्योहार के दौरान शांति भंग करने की किसी भी कोशिश पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखना और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है।

सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए द्वारका जिला ऑपरेशन सेल ने सादे कपड़ों में अंडरकवर टीमों को भी सक्रिय किया है। ये टीमें इलाके में घूमकर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रख रही हैं और जरूरत पड़ने पर तुरंत कार्रवाई के लिए तैयार हैं।

हाल ही में होली के दौरान हुए तरुण हत्याकांड को देखते हुए यह अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। इस मामले में 26 वर्षीय युवक कीहत्या कर दी गई थी। पुलिस ने अब तक इस केस में 14 लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने साफ किया है कि त्योहार के दौरान शांति भंग करने की किसी भी कोशिश पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखना और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है।

रामनवमी भगवान राम के जन्मोत्सव के रूप में पूरे देश में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जा रही है। यह पर्व सत्य और धर्म की जीत का प्रतीक माना जाता है। इस दिन लोग व्रत रखते हैं, पूजा-अर्चना करते हैं और धार्मिक ग्रंथों का पाठ करते हैं।

हिंदू पंचांग के अनुसार, रामनवमी चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाई जाती है। इस वर्ष यह पर्व 26 मार्च को मनाया जा रहा है, क्योंकि इस दिन मध्याह्न मुहूर्त पड़ रहा है। नवमी तिथि 26 मार्च को सुबह 11:48 बजे शुरू हुई और 27 मार्च को सुबह 10:06 बजे समाप्त होगी।



## पैसे मांगने घर पहुंचा युवक, इनकार पर चाकू से महिला पर किया हमला, हालत गंभीर

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 मार्च।** मयूर विहार पुलिस स्टेशन क्षेत्र में एक महिला पर हत्या के प्रयास का मामला सामने आया है। घटना बुधवार की रात हुई, जिसमें गंभीर रूप से घायल एक महिला को लाल बहादुर शास्त्री (एलबीएस) अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मयूर विहार पुलिस को अस्पताल से सूचना मिली कि अफसाना नामक महिला घायल अवस्था में आई है। पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर महिला से पूछताछ की। महिला ने बताया कि उसी दिन लगभग 9:45 बजे उसका चचेरा भाई असलम, जो बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के गांव चिट्ठी का निवासी है और ब्लॉक-27 में बिरयानी कॉर्नर में काम करता है, उसके घर आया। असलम ने कथित तौर पर महिला को गालियां दीं और उससे पैसे की मांग की।

जब महिला ने पैसे देने से इनकार किया, तो असलम आक्रोशित हो गया और गुस्से में आकर हमला कर दिया। महिला ने आरोप लगाया कि पैसे न देने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी और धारदार हथियार (चाकू) से गर्दन पर हमला कर दिया। हमले में अफसाना को गंभीर चोट आई। घटना के तुरंत बाद आरोपी की मां ने उसे एलबीएस अस्पताल लाया, जहां उसका उपचार शुरू किया गया। अस्पताल के चिकित्सकों के अनुसार चोट गम्भीर है और घाव की प्रकृति की निगरानी की जा रही है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# आधुनिक पशुपालन तकनीकों से रूबरू हुए किसान: करनाल में 100 किसानों का शैक्षिक भ्रमण सफलतापूर्वक संपन्न

» राजेश सलूजा

हरियाणा, यूटर्न/ 26 मार्च। लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), हिसार के कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा के मार्गदर्शन एवं विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. गौतम के निर्देशन में हरियाणा पशु विज्ञान केंद्र, करनाल में लगभग 100 किसानों का एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों को हरियाणा पशु विज्ञान केंद्र, करनाल तथा राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान की आधुनिक पशुपालन एवं अनुसंधान सुविधाओं का अवलोकन कराया गया। भ्रमण का उद्देश्य किसानों को नवीनतम तकनीकों एवं उन्नत पशुपालन पद्धतियों से अवगत कराना रहा।

यह कार्यक्रम डॉ. सुजॉय खन्ना (विस्तार विशेषज्ञ, लुवास तथा डॉ. जयप्रकाश गोदारा (विस्तार विशेषज्ञ) के समन्वय से आयोजित किया गया। भ्रमण के दौरान किसानों को पशु पोषण, दुग्ध उत्पादन, पशु स्वास्थ्य प्रबंधन एवं आधुनिक डेयरी तकनीकों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।




इस अवसर पर डॉ. अनीता गांगुली (क्षेत्रीय निदेशक, हरियाणा पशु विज्ञान केंद्र, करनाल) ने किसानों को संबोधित करते हुए राष्ट्र निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की तथा कहा कि ऐसे कार्यक्रम किसानों को नई तकनीकों को अपनाने हेतु प्रेरित करते हैं।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. हरप्रीत सिंह, डॉ. संदीप पोटलिया, डॉ. स्वाति रुहिल तथा डॉ. अंकित कुमार ने भी किसानों को उपयोगी एवं तकनीकी जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम में शामिल किसानों ने इस शैक्षिक भ्रमण को अत्यंत लाभकारी बताते हुए आयोजकों का आभार व्यक्त किया। अंत में डॉ. सुजॉय खन्ना ने सभी अतिथियों एवं किसानों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# सीएम सिटी कुरुक्षेत्र
## धर्मनगरी या कुकर्मों का केंद्र?



» अश्विनी वालिया

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 26 मार्च। धर्म और आस्था की नगरी के रूप में पहचान रखने वाले सीएम सिटी कुरुक्षेत्र में इन दिनों मसाज सेंटरों की आड़ में चल रहे कथित अनैतिक कारोबार ने गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

शहर के विभिन्न इलाकों में तेजी से बढ़ते मसाज सेंटर अब संदेह के घेरे में हैं, जहां स्थानीय लोगों का आरोप है कि इन स्थानों पर वेश्यावृत्ति जैसे अवैध कार्य धड़ल्ले से संचालित हो रहे हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि कई बार इस संबंध में शिकायतें भी की गईं, लेकिन पुलिस की ओर से अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने के चलते संचालकों के हौसले बुलंद हैं।

स्थिति इतनी चिंताजनक बताई जा रही है कि जब कुछ लोगों ने मसाज सेंटर संचालकों से पुलिस का डर होने को लेकर सवाल किया तो कथित तौर पर जवाब मिला-'सब कुछ सेट है, कोई डर नहीं।'

यह जवाब अपने आप में कई गंभीर सवाल खड़े करता है। क्या वाकई पुलिस प्रशासन इन गतिविधियों से अनजान है, या फिर जानबूझकर अनदेखी की जा रही है? अगर शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं हो रही, तो यह कानून व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करता है।

धर्मनगरी कुरुक्षेत्र, जहां देश-विदेश से श्रद्धालु आते हैं, वहां इस प्रकार की गतिविधियों का फैलना न केवल सामाजिक ताने-बाने को प्रभावित करता है, बल्कि शहर की छवि को भी धूमिल करता है। स्थानीय समाजसेवियों और जागरूक नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे मसाज सेंटरों की सख्ती से जांच करवाई जाए और अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से बंद कराया जाए।

वहीं, जानकारों का मानना है कि यदि समय रहते इस पर सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो यह समस्या और विकराल रूप ले सकती है। उन्होंने कहा कि पुलिस और प्रशासन को संयुक्त रूप से अभियान चलाकर ऐसे नेटवर्क का पर्दाफाश करना चाहिए।

अब देखना होगा कि प्रशासन इस गंभीर मुद्दे को कितनी गंभीरता से लेता है और क्या वास्तव में कुरुक्षेत्र की पहचान को बनाए रखने के लिए ठोस कार्रवाई की जाती है या नहीं।

# गांव किरमच में डीएलएसए द्वारा स्थापित सामुदायिक मध्यस्थता केन्द्र में एक जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

» कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 26 मार्च।



जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा गांव किरमच में डीएलएसए द्वारा स्थापित सामुदायिक मध्यस्थता केन्द्र में गत देर सायं एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल, सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव नीतिका भारद्वाज ने शिरकत की। इस कार्यक्रम में किरमच गांव के सरपंच, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और ग्रामीणों ने हिस्सा लिया।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने सभी से बातचीत की और उन्हें इस मध्यस्थता केन्द्र के बारे में विस्तार से जानकारी दी कि ज्यादा से ज्यादा मामले मध्यस्थता केन्द्र में सुलझाने का प्रयास करें। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम जनता को सामुदायिक मध्यस्थता केन्द्र के बारे में जागरूक करना तथा प्राकृतिक आपदा या किसी अन्य इमरजेंसी में किस तरह से रिस्पांस नागरिकों का करना चाहिए के बारे में विभिन्न विभागों से मौजूद प्रतिभागियों को समझाया गया। इस कार्यक्रम में रेडक्रॉस सोसायटी की टीम द्वारा सीपीआर ट्रेनिंग के बारे में जानकारी दी गई। सिविल डिफेंस एंड होमगार्ड, अग्निशमन विभाग द्वारा आपदा आने पर सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी दी गई। जिला सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की टीम द्वारा लोक अदालत के फायदों पर हरियाणवी रागिनी प्रस्तुत की गई। न्यु उत्थान थिएटर ग्रुप के कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मध्यस्थता के बारे में जानकारी दी गई। हरियाणवी नृत्य की प्रस्तुति भी कलाकारों द्वारा दी गई। इस कार्यक्रम में आयुष विभाग, स्वास्थ्य विभाग, रेडक्रॉस आदि विभागों द्वारा स्टालस भी लगाई गई।

# एक बार जो रिश्ते छूट जाते हैं वह दोबारा आसानी से नहीं मिलते/ विजय अरोड़ा

» हरियाणा, यूटर्न/ 26 मार्च।

जीवन के सफर में हम जैसे-जैसे आगे बढ़ते जाते हैं, वक्त के साथ-साथ लोग भी बदलते जाते हैं। कुछ रिश्ते रास्ते में ही छूट जाते हैं। कभी जो लोग हमारे बहुत करीब होते हैं, वही धीरे-धीरे हमसे दूर हो जाते हैं।

आज के दौर में हर व्यक्ति अपने-अपने रास्ते पर चल पड़ा है। किसी को अपने करियर की चिंता है, तो किसी को अपने सपनों की। इस भागदौड़ भरी जिंदगी में रिश्तों के लिए समय निकालना कठिन होता जा रहा है।

पहले जहां लोग एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ खड़े रहते थे, वहीं अब मोबाइल और सोशल मीडिया ने रिश्तों की गर्माहट को कम कर दिया है। लोग पास



होकर भी दूर हो गए हैं। बातचीत कम हो गई है और गलतफहमियां बढ़ गई हैं।

वक्त के साथ इंसान की सोच भी बदलती है। कई बार हम अपने स्वार्थ के कारण रिश्तों को नजरअंदाज कर देते हैं। धीरे-धीरे यह दूरी इतनी बढ़ जाती है कि रिश्ते टूटने की कगार पर पहुंच जाते हैं।

रिश्तों को बनाए रखने के लिए जरूरी है कि हम एक-दूसरे को समय दें, समझें और सम्मान करें। अगर हम थोड़ी सी कोशिश करें, तो रिश्तों को टूटने से बचाया जा सकता है। अंत में यही कहा जा सकता है कि वक्त के साथ बहुत कुछ बदलता है, लेकिन सच्चे रिश्ते वही होते हैं जो हर परिस्थिति में साथ निभाते हैं। इसलिए हमें अपने रिश्तों की कद्र करनी चाहिए, क्योंकि एक बार जो रिश्ते छूट जाते हैं, वे दोबारा आसानी से नहीं मिलते।

# हरियाणा में बड़ा फेरबदल: 21 आईएएस, 42 एचसीएस अधिकारियों का ट्रांसफर

» चंडीगढ़, यूटर्न/ 26 मार्च।

हरियाणा सरकार ने प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल करते हुए 63 अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी किए हैं। इनमें 21 आईएएस और 42 एचसीएस अधिकारी शामिल हैं। कई अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं जबकि कुछ को अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। ये सभी तबादले तत्काल प्रभाव से लागू कर दिए गए हैं। गीता भारती को हिसार मंडल का कमिश्नर नियुक्त किया गया है, जबकि गुरुग्राम मंडल की जिम्मेदारी रवि प्रकाश गुप्ता को सौंपी गई है। अमित कुमार अग्रवाल (आईएएस) को कुरुक्षेत्र डेवलपमेंट बोर्ड का सदस्य सचिव बनाया गया है, साथ ही उन्हें अतिरिक्त प्रभार भी दिया



गया है। हाल ही में उन्हें फरीदाबाद स्थित अल-फलाह यूनिवर्सिटी का प्रशासक नियुक्त किया गया था। आईएएस सत्येंद्र दुहान को स्किल डेवलपमेंट एंड इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग विभाग का निदेशक बनाया गया है और वे अतिरिक्त सचिव का दायित्व भी संभालेंगे। आईएएस सतबीर सिंह को फायर सर्विसेज हरियाणा का निदेशक और आयुष्मान भारत हरियाणा हेल्थ प्रोटेक्शन अथॉरिटी का सीईओ नियुक्त किया गया है। वंदना डिसोदिया को गृह विभाग (होम-कअौर होम-क्क) की सचिव के साथ-साथ हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की प्रबंध निदेशक बनाया गया है। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अमित अग्रवाल का भी तबादला करते हुए उन्हें कुरुक्षेत्र डेवलपमेंट बोर्ड में सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है। युवा आईएएस अधिकारियों को भी नई जिम्मेदारियां दी गई हैं। अंजलि श्रोत्रिया को फरीदाबाद में एडीसी, अंकित कुमार चौकसे को पानीपत, उत्सव आनंद को हिसार और डॉ. राहुल रैया को करनाल में एडीसी नियुक्त किया गया है।

# हिसार में प्राचीन भारतीय विज्ञान आधारित ज्योतिषीय गणना एवं वैदिक परामर्श शिविर 2 से 5 अप्रैल तक

» हरियाणा, यूटर्न/ 26 मार्च।

हिसार के सेक्टर-15 स्थित सामुदायिक केंद्र में 2 अप्रैल से 5 अप्रैल तक प्राचीन भारतीय विज्ञान पर आधारित एक विशेष ज्योतिषीय गणना एवं वैदिक परामर्श शिविर (दिव्य दरबार) का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर का उद्देश्य वैदिक ज्योतिष एवं सूक्ष्म ऊर्जा विज्ञान के सिद्धांतों के माध्यम से आमजन के जीवन में संतुलन, स्पष्टता एवं सकारात्मक दिशा प्रदान करना है।

इस अवसर पर जबलपुर से पधार रहे पंडित विनोद दुबे अपनी सेवाएं देंगे। वे लंबे समय से वैदिक ज्योतिष, ग्रह-नक्षत्रों के प्रभाव तथा मानव जीवन पर उनके सूक्ष्म प्रभावों के अध्ययन एवं परामर्श से जुड़े हुए हैं।




आयोजक संस्था गुरु गोरखनाथ गौशाला, दुबैठा (हिसार) के प्रतिनिधि सतीश कुमार, अजीत सिंह वर्मा एवं कर्मवीर सिंह ने प्रेस वार्ता में बताया कि शिविर में किसी प्रकार के चमत्कारिक दावे नहीं किए जाएंगे, बल्कि तर्कसंगत एवं पारंपरिक वैदिक सिद्धांतों के आधार पर मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

शिविर में आने वाले लोगों को उनके जीवन से जुड़े विभिन्न विषयों-जैसे मानसिक तनाव, पारिवारिक समन्वय, स्वास्थ्य संतुलन, आर्थिक निर्णय एवं जीवन दिशा-के संदर्भ में कुंडली विश्लेषण, ग्रहों की स्थिति के अध्ययन एवं ऊर्जा संतुलन के उपायों के माध्यम से परामर्श दिया जाएगा।

# रिफाइनरी में कंस्ट्रक्शन कंपनी के गोदाम से कॉपर केबल चोरी करने वाले गिरोह के 6 आरोपी गिरफ्तार

» निर्मल सिंह



पानीपत, यूटर्न/ 26 मार्च। रिफाइनरी में कंस्ट्रक्शन कंपनी के गोदाम से कॉपर केबल चोरी करने वाले गिरोह के 6 आरोपियों को एंटी व्हीकल थेप्ट पुलिस टीम ने बुधवार शाम को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान गांव टाबर मस्त सहारनपुर यूपी निवासी बलराम उर्फ बल्लू और पानीपत के ददलाना निवासी मनीष, अजय, सागर, दलीप व संजय के रूप में हुई है। एंटी व्हीकल थेप्ट इंचार्ज सब इंस्पेक्टर राकेश ने जानकारी देते हुए बताया कि रिफाइनरी में काम कर रही मेसर्स थिसेनक्रुप उहडे इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के जरनल मेनेजर अशोक ने थाना सदर पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि हमारी कंपनी रिफाइनरी के पी - 25 प्रोजेक्ट पर काम कर रही है। कंपनी का साइट के पास ही सामान रखने के लिए गोदाम है। 22 अक्तूबर 2025 को गोदाम इंचार्ज ने परिसर में रखे सामान की जांच की तो कॉपर केबल चोरी होनी पाई गई। अज्ञात चोर 45 मीटर कॉपर केबल चोरी कर ले गए। थाना सदर पुलिस ने मामले में तत्परता दिखाते हुए मैनेजर अशोक की शिकायत संज्ञान लेकर आरोपियों की पहचान व धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे।

## संक्षिप्त खबरें

### नामी कंपनी के नाम से बिकता मिला नकली इंजन ऑयल, आरोपी गिरफ्तार

**खोड़ा, यूटर्न/ 26 मार्च।** थानाक्षेत्र के दीपक विहार स्थित मुकंद ऑयल ट्रेडर्स पर वेलवोलाइन कंपनी के नाम से 230 लीटर नकली इंजन ऑयल जब्त किया है। मौके से दुकानदार शिव शंकर गुप्ता को भी गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई कंपनी के वरिष्ठ निरीक्षक पवन कुमार के नेतृत्व में की गई। उनकी तहरीर पर पुलिस ने दुकान के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस को दी शिकायत में पवन कुमार ने बताया कि वह वेलवोलाइन कंपनी में वरिष्ठ निरीक्षक के रूप में कार्यरत हैं। कुछ दिन पहले उन्हें मुकंद ऑयल ट्रेडर्स पर उनकी कंपनी के नाम से नकली ऑयल बेचे जाने की सूचना मिली थी। मंगलवार को वह पुलिस के साथ दीपक विहार पहुंचे और दुकान पर छापा मारा। यहां से 210 लीटर नकली इंजन ऑयल के दो ड्रम और 20 लीटर की बाल्टी बरामद की। पुलिस ने ऑयल को जब्त कर लिया। साथ ही मौके से दुकानदार शिव शंकर गुप्ता को गिरफ्तार भी कर लिया। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि इस धंधे में कौन-कौन शामिल है और नकली ऑयल कहां से सप्लाई हो रहा था। इसकी जांच की जा रही है।

### गुटखा चबाने पर मरीज से वसूला जुर्माना, फिर लगा एंटी रेबीज इंजेक्शन

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 26 मार्च।** जिला एमएमजी अस्पताल में एंटी रेबीज इंजेक्शन लगवाने पहुंचे एक मरीज को गुटखा चबाना महंगा पड़ गया। एंटी डाग बाइट प्रभारी ने सार्वजनिक स्थान पर तंबाकू सेवन करने के कारण घायल पर 100 रुपये का जुमार्ना लगाया। जुमार्ना भरने के बाद ही मरीज को एंटी रेबीज वैक्सीन लगाई गई। जानकारी के अनुसार, डासना निवासी एक व्यक्ति को घर से बाहर जाते समय कुत्ते ने काट लिया। इसके बाद वह बुधवार सुबह करीब 11:30 बजे अस्पताल पहुंचा। पर्ची बनवाने के बाद वह ओपीडी के कमरा नंबर 15 में चिकित्साधिकारी डॉ. नितिन प्रियदर्शी से मिला। उस समय मरीज गुटखा चबा रहा था, जिससे कमरे में बदबू फैल गई और अन्य मरीजों को भी असुविधा हुई। स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने तुरंत अस्पताल स्टाफ को बुलाकर मरीज पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सार्वजनिक स्थल पर गुटखा सेवन करने के नियमों के तहत 100 रुपये का चालान किया गया।

## सड़क हादसे में घायल की उपचार के दौरान मौत, परिजनों ने अस्पताल पर लगाया गंभीर आरोप, जमकर किया हंगामा

» गुरुग्राम, यूटर्न/ 26 मार्च।




गुरुग्राम में सेक्टर-49 स्थित पार्क अस्पताल में युवक की मौत के बाद जबरदस्त हंगामा हो गया। युवक के परिजनों ने अस्पताल पर इलाज के नाम पर अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए बुधवार रात को सड़क पर जाम लगा दिया। सूचना मिलने पर मौके पहुंची पुलिस ने युवकों को समझाने का प्रयास किया। मृतक की पहचान सेक्टर -66 निवासी अजरुल इस्लाम के रूप में हुई है। आरोप लगाया गया कि युवक को सोमवार को सड़क हादसे में घायल होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसकी मौत 24 घंटे पहले ही हो गई थी। इसके बावजूद अस्पताल प्रबंधन ने इलाज के नाम पर लगातार पैसे वसूलते रहे। परिजनों ने बताया कि तीन दिनों में 5 लाख रुपये से अधिक की राशि ली गई। जब उन्होंने मरीज को दूसरे अस्पताल में शिफ्ट करने की बात की, तब जाकर अस्पताल ने मौत की सूचना दी। परिजनों का कहना है कि शाम को छह बजे घायल को रेफर किया जाना था, लेकिन उसके बाद लगातार टालते रहे और रात को दस बजे परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। पांच लाख रुपए तो ले लिए थे और डेढ़ लाख रुपए एम्स तक भिजवाने की डिमांड कर रहे थे। हंगामा बढ़ने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और मामले को संभालने की कोशिश कर रही है। मगर, परिवार के लोगों ने जमकर हंगामा शुरू कर दिया था। लोग सड़क पर बैठ गए थे और जोरदार नारेबाजी की। मृतक के पिता ने पुलिस को बताया कि अजरूल सीएनजी ऑटो चलाता था। सोमवार को सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए थे।

घायल होने पर उन्हें तुरंत पार्क अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिवार का आरोप है कि उनके बेटे की मौत 24 घंटे पहले ही हो चुकी थी। मगर, अस्पताल ने इलाज का बिल बढ़ाने के लिए जिंदा बताते हुए भर्ती रखा गया। इस दौरान उनसे डॉक्टर की विजिट, बेड, दवाई और टेस्ट के नाम पर रुपए लिए जाते रहे। बुधवार की शाम तक अस्पताल प्रशासन की ओर से यही सिलसिला चलता रहा। परिवार ने बताया कि तीन दिनों में 5 लाख रुपये से अधिक की राशि इलाज के नाम पर उनसे ले ली गई।

## 40 करोड़ में से 1.02 करोड़ ही वसूल पाया आरटीओ

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 26 मार्च।** बकाया वसूली के लिए आरटीओ में आयोजित हुए दो दिवसीय कैंप में विभाग 1.02 लाख रुपये ही वसूल पाया। विभागीय अधिकारियों का दावा है कि शेष रकम की वसूली के लिए भी प्रयास जारी रहेंगे।



विभाग का टैक्स के रूप में 14000 से अधिक वाहनों पर करीब 40 करोड़ बकाया था। वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है। इसलिए इस धन की वसूली के लिए विभाग की ओर से दो दिवसीय कैंप लगाया था। इसका समापन बुधवार शाम को हो गया था।

इस बारे में आरटीओ प्रशासन अशोक श्रीवास्तव ने बताया कि कुल 293 वाहनों से कर वसूली की गई। गुड्स कैरियर से लगभग 26.53 लाख रुपये और मोटर कैब से करीब 67.99 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। इसके अलावा बस, तीन पहिया यात्री वाहन, ट्रैक्टर व अन्य श्रेणियों से भी कर जमा कराया गया। जो बकायेदार अभी शेष रहे गए हैं। उनको नोटिस दिया जाएगा, वसूली के लिए प्रशासन की मदद ली जाएगी।

## 24 करोड़ की लागत से सिद्धार्थ विहार में बनेगा नाला, दूर होगी परेशानी

» साहिबाबाद, यूटर्न/ 26 मार्च।



सिद्धार्थ विहार के करीब दो लाख लोगों को इस बार मानसून में जल भराव की समस्या नहीं झेलनी होगी। आवास विकास परिषद ने नाले का निर्माण शुरू करा दिया है। इसे मानसून से पहले ही पूरा करने का दावा किया है। आवास विकास परिषद ने अपने सिद्धार्थ विहार योजना में करीब दो दशक पूर्व ही नाले और नालियां बनाई थीं। इतने साल से यहां बहुमंजिला इमारतों में काफी आबादी बढ़ी है। साथ ही बनाई गई नालियां भी क्षतिग्रस्त हो गईं। कई वर्षों से हल्की बारिश में भी सिद्धार्थ विहार के मुख्य मार्ग पर जल भराव हो जाता था। इसके अलावा अन्य सड़कों पर भी पानी जमा हो जाता है। पिछले साल ही समस्या का समाधान निकालने के लिए नाले-नालियों के निर्माण के प्रस्ताव पारित किए गए थे। आवास विकास परिषद निर्माण खंड दो अधिशासी अभियंता विकास गौतम ने बताया कि बजट 2026 में ही जारी कर दिया था। ग्रैप की वजह से नाले का काम शुरू नहीं कराया जा सका था। करीब 24 करोड़ की लागत से पूरी योजना में नाला निर्माण कराया जा रहा है।

## सिलिंडर लीकेज से लगी आग, पांच लोग झुलसे

» इंदिरापुरम, यूटर्न/ 26 मार्च।



वैशाली सेक्टर पांच के राघव कुंज स्थित मकान में बुधवार दोपहर सिलिंडर से गैस लीक होने के कारण आग लग गई। इससे एक ही परिवार के पांच लोग झुलस गए। घटना की सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने आग पर काबू पाया। जबकि हादसे में झुलसे लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पुलिस ने आग के कारण आसपास के फ्लैटों को खाली कराया और लोगों को सुरक्षित किया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि प्लॉट संख्या 390 के जी-एक बृह्मपुत्र लेन में हादसा होने की सूचना मिली थी। किरण सिंह के फ्लैट में मगनू परिवार के साथ रहकर पास में चाय की दुकान से परिवार का लालन-पालन करते हैं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि कमरे में एलपीजी गैस सिलिंडर लीक होने से ग्राउंड फ्लोर पर फैल गई थी। उसी दौरान फ्लैट में रहने वाले एक व्यक्ति ने माचिस जला दी और इससे आग लग गई। गैस से आग का गुबार बना तो एक ही परिवार के पांच लोग झुलस गए। इनमें चाय विक्रेता 55 वर्षीय मगनू चौपाल, उनकी पत्नी 50 वर्षीय मंजू देवी, बेटी आठ वर्षीय माही, व चार वर्षीय अन्नू और पांच वर्षीय अनुराग झुलस गए। सीएफओ ने बताया सभी को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। समय रहते आग बुझने की वजह से सिलिंडर फटने से बच गया और घर का सामान भी जलने से बच गया। संदिग्ध हालात में लगी आगः साहिबाबाद थाना क्षेत्र के अर्थला स्थित चित्रकूट कॉलोनी निवासी पंकज कुमार शर्मा के मकान की दूसरी मंजिल में मंगलवार रात आग लग गई।

## तमंचा बरामद करने गई पुलिस पर राशिद ने की फायरिंग, पैर में गोली लगने से घायल

» लोनी, यूटर्न/ 26 मार्च।



पत्नी और दोस्त (पत्नी के प्रेमी) के हत्यारोपी को ट्रॉनिका सिटी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हत्या में प्रयुक्त तमंचा बरामद कराने गढ़ी कटैया अंडरपास पर गई पुलिस टीम पर आरोपी ने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में हत्यारोपी पैर में गोली लगने से घायल हो गया है। आरोपी से तमंचा बरामद करके उसे अस्पताल में भर्ती कराया है। पूछताछ में हत्यारोपी राशिद ने बताया कि पत्नी शबनम के उसके दोस्त फहीम से अवैध संबंध थे। मकान शबनम के नाम था और वह निकाह के 26 वर्ष बाद तलाक लेने पर अड़ी थी।

राशिद ने पुलिस को बताया कि उसको शक था कि शबनम उससे तलाक लेकर मकान बेचकर फहीम से निकाह कर लेगी। ऐसे में उसके सात बच्चे कहां रहेंगे। सोमवार रात को उसने फहीम और शबनम को समझाने का प्रयास किया था लेकिन दोनों ने एक नहीं सुनी। इसके बाद उसने फहीम के सिर से सटाकर तमंचा से गोली मार दी। फहीम के गोली लगते ही शबनम ने आपा खो दिया। वह उससे भिड़ गई तो उसने भारी वस्तु के प्रहार से शबनम को भी मार दिया। एसीपी लोनी ने बताया कि घटना स्थल से शबनम की टूटी चूडियां और उसके शरीर पर लगी चोट बयां कर रही है। हालांकि राशिद ने बताया कि उसने शबनम पर भी गोली चलाई थी लेकिन वह जूझती रही। इसके बाद उसने घर में रखी भारी वस्तु से सिर पर प्रहार कर शबनम की हत्या कर दी।

पत्नी और दोस्त की हत्या करने के बाद राशिद अशोक विहार स्थित अपने बेटे रिहान से मिलने पहुंचा। वहां उसने रिहान को बताया कि उसकी अम्मी और फहीम को खत्म कर दिया है। अब वह कुछ दिनों के लिए दूर जा रहा है।

इसलिए अपनेबहन-भाईयों का ख्याल रखना। हालांकि पुलिस ने मंगलवार को रिहान भी हिरासत में ले लिया था। उसने अपने पिता की जानकारी देने पर पुलिस को गुमराह किया था। जब उसके मोबाइल की कॉल डिटेल खंगाली तो राशिद की पता चला। हत्यारोपी ने बेटे रिहान से मिलने के बाद अपना मोबाइल बंद कर लिया और मेरठ चला गया।

### 20 दिन पहले भी हुई थी तकरार

राशिद और फहीम अच्छे दोस्त थे। राशिद के घर से मात्र एक किलोमीटर पर ही फहीम का घर है। जहां उसके दो भाई सलमान और फजलू माता-पिता के साथ रहते हैं। फहीम अधिकांश राशिद के साथ रहता था और उसके घर पर ही सोता था। राशिद ने 20 दिन पूर्व फहीम और शबनम को रंगेहाथ एक साथ पकड़ लिया था। इसके बाद राशिद ने फहीम से बोलचाल बंद कर दी और पत्नी शबनम की पिटाई की। इससे गुस्साई शबनम अपने मायके सहारनपुर चली गई थी। जिसे राशिद कुछ दिन पूर्व ही वापस घर लाया था। डीसीपी सिटी सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि अवैध संबंधों के चलते राशिद ने पत्नी और दोस्त की हत्या करने की बात स्वीकार की है। आरोपी से तमंचा बरामद कर लिया गया है।

# जीएसटी कटौती से वाहन और कृषि उत्पादों की बिक्री में उछाल

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 मार्च।



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोक सभा में कहा कि सितंबर 2025 में जीएसटी दरों में सुधार लागू करने के बाद देश में आर्थिक गतिविधियों में स्पष्ट बढ़ोतरी देखी गई है। मंत्री ने बताया कि खुदरा यात्री वाहन बिक्री में 26.1 प्रतिशत, ग्रामीण यात्री वाहन बिक्री में 34 प्रतिशत, और दोपहिया वाहन बिक्री में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई। ट्रैक्टर की बिक्री में भी 36.4 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया। सीमेंट उत्पादन लगभग 9.3 प्रतिशत बढ़ा। वित्त मंत्री ने कहा कि मासिक जीएसटी संग्रह में भी हाल के महीनों में लगातार वृद्धि हुई है। तमिलनाडु में दिसंबर 2025 में 8 प्रतिशत, जनवरी 2026 में 5 प्रतिशत और फरवरी 2026 में 18 प्रतिशत की एसजीएसटी वृद्धि देखी गई। मंत्री ने पहले सुविधा, बाद में प्रवर्तन दृष्टिकोण दोहराया। विलंबित ऑडिट में तकनीकी चूक के लिए निश्चित जुर्माने की व्यवस्था और शून्य कटौती प्रमाणपत्र के लिए नियम-आधारित स्वचालन की घोषणा की। प्राथमिक सहकारी समितियों को दूध, फल, सब्जियां, पशु चारा और कपास बीज की आपूर्ति पर कर कटौती का लाभ मिलेगा। सदस्यों को मिलने वाले लाभांश पर अनुकूल कर उपचार लागू होगा। भारत के मछली पकड़ने वाले जहाजों को विशेष आर्थिक क्षेत्रों और गहरे समुद्र में शुल्क से छूट मिलेगी। 1 अप्रैल 2026 से लागू नए आयकर प्रावधान अनुपालन सरल बनाएंगे, अपील सीमा बढ़ाएंगे और मुकदमेबाजी कम करेंगे। डेटा केंद्रों के लिए निवेश प्रोत्साहन घरेलू अवसंरचना निर्माण और स्थानीय मूल्य संवर्धन से जुड़े हैं, जिसमें निवेश का अनुमान 70 अरब डॉलर है।

# भारत क्रिटिकल मिनरल्स की खोज, स्टार्टअप-आधारित माइनिंग को बढ़ावा देगा; आयात पर निर्भरता कम करने पर जोर: डॉ. जितेंद्र सिंह

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 मार्च।




केंद्र सरकार क्रिटिकल मिनरल्स (महत्वपूर्ण खनिजों) की खोज को तेज करने, माइनिंग सेक्टर में स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने और मजबूत घरेलू सप्लाई चेन बनाने पर जोर दे रही है, ताकि आयात पर निर्भरता कम की जा सके। यह बात केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने गुरुवार को कही। राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण और विकास ट्रस्ट (एनएमईटी) की बैठक में बोलते हुए मंत्री ने कहा कि लिथियम जैसे महत्वपूर्ण खनिजों की खोज को तेजी से आगे बढ़ाना जरूरी है, क्योंकि ये नई तकनीकों के लिए बेहद अहम हैं।

उन्होंने कहा कि भारत अब क्रिटिकल मिनरल्स की खोज को बड़े स्तर पर बढ़ाने, स्टार्टअप-आधारित माइनिंग इकोसिस्टम बनाने और मजबूत घरेलू वैल्यू चेन तैयार करने की दिशा में काम कर रहा है, ताकि आयात पर निर्भरता कम हो सके। मंत्री ने यह भी कहा कि भारत को अपनी खनिज खोज गतिविधियों को वैश्विक मांग और अपनी रणनीतिक जरूरतों के अनुसार ढालना होगा। राजस्थान के सिवाना क्षेत्र और जम्मू-कश्मीर के सलाल-हैमना ब्लॉक में चल रहे काम का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों को और क्षेत्रों तक बढ़ाया जाएगा।

> मंत्री ने जोर देकर कहा कि भारतीय कंपनियों और स्टार्टअप्स को इस सेक्टर में आने के लिए अनुकूल माहौल बनाना जरूरी है। उन्होंने बायोटेक स्टार्टअप्स की सफलता का उदाहरण देते हुए कहा कि इसी तरह संस्थागत समर्थन और प्रोत्साहन से माइनिंग सेक्टर में भी नई तकनीकों और इनोवेशन को बढ़ावा मिल सकता है।

मंत्री ने जोर देकर कहा कि भारतीय कंपनियों और स्टार्टअप्स को इस सेक्टर में आने के लिए अनुकूल माहौल बनाना जरूरी है। उन्होंने बायोटेक स्टार्टअप्स की सफलता का उदाहरण देते हुए कहा कि इसी तरह संस्थागत समर्थन और प्रोत्साहन से माइनिंग सेक्टर में भी नई तकनीकों और इनोवेशन को बढ़ावा मिल सकता है।

उन्होंने यह भी कहा कि निजी एक्सप्लोरेशन एजेंसियों की क्षमता बढ़ाना इस सेक्टर के लंबे समय के विकास के लिए जरूरी है।

सरकार प्रोजेक्ट्स में देरी कम करने के लिए मंजूरी प्रक्रिया को आसान बनाने पर भी काम कर रही है। खासकर वन (फॉरेस्ट) क्लियरेंस जैसी बाधाओं को दूर करने पर ध्यान दिया जा रहा है।

मंत्री ने कहा कि अलग-अलग विभागों के बीच बेहतर तालमेल से ही काम तेजी से आगे बढ़ सकेगा।

# नोकिया इंडिया में बड़ा बदलाव: 1 अप्रैल से समर मित्तल और विभा मेहरा संभालेंगे भारत की कमान

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 मार्च।

नोकिया ने गुरुवार को भारत में अपनी लीडरशिप टीम में बड़े बदलाव का ऐलान किया है। कंपनी ने समर मित्तल को इंडिया कंट्री बिजनेस लीडर और विभा मेहरा को इंडिया कंट्री मैनेजर नियुक्त किया है। ये दोनों नियुक्तियां 1 अप्रैल से लागू होंगी।

कंपनी का कहना है कि यह बदलाव भारत में अपनी मौजूदगी को मजबूत करने और बिजनेस रणनीति को और बेहतर बनाने के लिए किया गया है।

अपने नए रोल में समर मित्तल भारत में नोकिया की बिजनेस रणनीति का नेतृत्व करेंगे।



उनका फोकस टेलीकॉम ऑपरेटरों के साथ साझेदारी बढ़ाने के साथ-साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लाउड सर्विसेज और एंटरप्राइज सेक्टर में नए अवसर तलाशने पर रहेगा।


वहीं, विभा मेहरा नोकिया के भारत में कुल संचालन को संभालेंगी। वे कंपनी की कम्युनिकेशन, सरकारी संबंध और पब्लिक एंगेजमेंट पर काम करेंगी। साथ ही, वे कंपनी की सीएसआर गतिविधियों और कर्मचारियों से जुड़ी रणनीतियों को भी आगे बढ़ाएंगी।

दोनों अधिकारियों के पास अपने-अपने क्षेत्रों में लंबा अनुभव है। समर मित्तल के पास टेलीकॉम और आईटी सेक्टर में करीब 30 साल का अनुभव है, और वे पहले मिडिल ईस्ट और अफ्रीका में नोकिया के क्लाउड और नेटवर्क सर्विसेज बिजनेस को संभाल चुके हैं। वहीं, विभा मेहरा के पास 26 साल से ज्यादा का अनुभव है और वे माइक्रोसॉफ्ट, इंटेल और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज जैसी बड़ी कंपनियों के साथ काम कर चुकी हैं। हाल ही में वे एशिया-प्रशांत क्षेत्र में नोकिया की गवर्नमेंट रिलेशंस हेड थीं।

कंपनी ने कहा कि दोनों लीडर मिलकर भारत में नोकिया की रणनीति को आगे बढ़ाएंगे और देश में डिजिटल कनेक्टिविटी और टेक्नोलॉजी ग्रोथ को मजबूत करने में योगदान देंगे। नोकिया ने बताया कि यह नई लीडरशिप संरचना भारत के प्रति उसकी लंबी अवधि की प्रतिबद्धता को दिखाती है और कंपनी देश के डिजिटल और तकनीकी विकास में बड़ी भूमिका निभाना चाहती है।

# वित्त वर्ष 2025 में भारत का हेल्थ इंश्योरेंस सेक्टर 9 प्रतिशत बढ़ा, प्रीमियम 1.2 लाख करोड़ के पार: सरकार

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 मार्च।




भारत का स्वास्थ्य बीमा क्षेत्र (हेल्थ इंश्योरेंस सेक्टर) लगातार मजबूत हो रहा है। सरकार ने गुरुवार को कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में इस सेक्टर का कुल प्रीमियम 1.2 लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच गया है।

सरकार के मुताबिक, देश में हेल्थ इंश्योरेंस सेक्टर करीब 9 प्रतिशत सालाना की दर से बढ़ रहा है। इस ग्रोथ के पीछे लोगों में बढ़ती जागरूकता, हेल्थ फाइनेंसिंग की बेहतर पहुंच और मेडिकल खर्चों से बचाव की बढ़ती जरूरत प्रमुख कारण हैं। बीमा क्षेत्र को और बेहतर बनाने के लिए भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) ने कैशलेस हेल्थ इंश्योरेंस क्लेम के लिए सख्त समय सीमा तय की है। नए नियमों के अनुसार, बीमा कंपनियों को कैशलेस प्री-ऑथराइजेशन रिक्वेस्ट को एक घंटे के भीतर मंजूरी देनी होगी, जबकि अंतिम मंजूरी तीन घंटे के अंदर पूरी करनी होगी। सरकार का कहना है कि इन कदमों से क्लेम में देरी कम होगी और मरीजों को समय पर इलाज मिल सकेगा।

हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम में बढ़ोतरी के पीछे कई कारण हैं, जैसे पॉलिसीधारकों की बढ़ती उम्र, ज्यादा कवर राशि और बेहतर पॉलिसी फीचर्स।

रेगुलेटर के 2024 के दिशा-निर्देश यह भी सुनिश्चित करते हैं कि बीमा उत्पादों की कीमत जोखिम के आधार पर तय हो और समय-समय पर डेटा और ग्राहकों की प्रतिक्रिया के आधार पर उनकी समीक्षा की जाए। क्लेम सेटलमेंट के मामले में भी सेक्टर में सुधार देखने को मिला है। 2024-25 में क्लेम भुगतान अनुपात 87.5 प्रतिशत रहा, जो 2023-24 में 82.46 प्रतिशत और 2022-23 में 85.66 प्रतिशत था।

आईआरडीएआई के 'बीमा भरोसा' पोर्टल के आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2025 में जनरल और हेल्थ इंश्योरेंस से जुड़ी 1,37,361 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से करीब 93 प्रतिशत का समाधान उसी वित्त वर्ष में कर दिया गया। हालांकि, कुछ मामलों में क्लेम अब भी खारिज हो जाते हैं। इसके पीछे कुछ कारण होते हैं।

# होटल और रेस्तरां में एलपीजी और ईंधन चार्ज वसूली पर सीसीपीए सख्त

## सीसीपीए ने किया स्पष्ट, मेन्यू में लिखी कीमत ही अंतिम

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 मार्च।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने होटल और रेस्तरां संचालकों को चेतावनी दी है कि वे ग्राहकों से एलपीजी, गैस, ईंधन या अन्य परिचालन खर्चों के नाम पर अतिरिक्त शुल्क बिल में न जोड़ें। प्राधिकरण ने यह कदम उपभोक्ताओं से मिली लगातार शिकायतों और मीडिया रिपोर्ट्स के बाद उठाया है। सीसीपीए ने कहा कि मेन्यू में दर्ज कीमत ही अंतिम कीमत होनी चाहिए और इसके अलावा केवल लागू टैक्स ही बिल में अलग जोड़ा जा सकता है। सीसीपीए ने स्पष्ट किया कि एलपीजी, बिजली, गैस और अन्य परिचालन लागत



व्यवसाय का हिस्सा हैं और इन्हें मेन्यू कीमत में शामिल करना ही सही तरीका है। इन खर्चों को अलग से वसूलना उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की धारा 2(47) के तहत अनुचित व्यापार व्यवहार माना जाएगा। इससे न केवल पारदर्शिता खत्म होती है बल्कि ग्राहकों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ भी पड़ता है।

# पीएनजी नेटवर्क वाले इलाकों में नहीं मिलेगा एलपीजी सिलेंडर

## सरकार एलपीजी संकट से निपटने के लिए पीएनजी को दे रही बढ़ावा

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 मार्च।



सरकार ने आदेश जारी कर कहा है कि जिन क्षेत्रों में पाइपलाइन से प्राकृतिक गैस (पीएनजी) उपलब्ध है, वहां के घरों को पीएनजी कनेक्शन लेना अनिवार्य होगा। यदि कोई उपभोक्ता तीन महीने के भीतर पीएनजी के लिए आवेदन नहीं करता है, तो उस पते पर एलपीजी सिलिंडर की आपूर्ति बंद कर दी जाएगी। यह नियम केवल उन घरों पर लागू होगा, जहां पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है या बिछाई जा रही है। तकनीकी अड़चन वाले मामलों में अनापत्ति प्रमाण पत्र देना आवश्यक होगा। सरकार का लक्ष्य अधिक से अधिक लोगों को पीएनजी नेटवर्क से जोड़ना है, ताकि पश्चिम एशिया संकट के चलते एलपीजी की आपूर्ति पर दबाव कम हो। पीएनजी को घरेलू उपयोग के लिए सुविधाजनक और स्थिर ईंधन विकल्प के रूप में बढ़ावा दिया जा रहा है। आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत जारी आदेश में पाइपलाइन बिछाने और विस्तार के लिए समयबद्ध रूपरेखा दी गई है।

# संक्षिप्त खबरें

## देशभर में पेट्रोल-डीजल की मांग में अचानक उछाल

### एचपीसीएल ने आश्वासन दिया, ईंधन की कोई कमी नहीं

**मुंबई, यूटर्न/ 26 मार्च।** देशभर के पेट्रोल पंपों पर हाल के दिनों में भीड़ बढ़ने लगी है, क्योंकि पेट्रोल और डीजल की मांग में अचानक तेजी देखी गई है। सरकारी तेल कंपनी हिंदुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के अनुसार, पिछले दो दिनों में ईंधन की बिक्री में 15 फीसदी से अधिक की वृद्धि हुई है, जबकि कुछ क्षेत्रों में यह बढ़ोतरी 50 फीसदी तक पहुंच गई है। एचपीसीएल ने साफ किया है कि यह उछाल मुख्य रूप से अचानक हुई खरीदारी और अफवाहों के कारण है, न कि किसी वास्तविक कमी की वजह से। कंपनी ने कहा कि देश में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार मौजूद है और सभी सप्लाई सेंटर पूरी क्षमता से काम कर रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अफवाहों के कारण हुई इस अचानक मांग के उछाल को देखते हुए, जनता को सुरक्षित और संयमित खरीदारी करनी चाहिए।

## कोटक महिंद्रा बैंक ने सावधि जमा धोखाधड़ी मामले में दर्ज की शिकायत

### बैंक नगर निगम द्वारा संचालित जमा और संबंधित खातों का विस्तृत कर रहा मिलान

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 मार्च।** पंचकुला नगर निगम से जुड़े सावधि जमा (फिक्स्ड डिपॉजिट) में कथित धोखाधड़ी के मामले के बाद कोटक महिंद्रा बैंक ने हरियाणा पुलिस में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है। बैंक ने कहा कि वह नगर निगम द्वारा संचालित जमा और संबंधित खातों का विस्तृत मिलान कर रहा है। बैंक प्रवक्ता ने बताया कि अब तक मिलान से पुष्टि हुई है कि खाता खोलने की प्रक्रिया, केवायसी दस्तावेज और अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता सही थे और लेन-देन बैंकिंग नियमों के अनुरूप प्रबंधित किए गए। बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन राशि का एक बड़ा हिस्सा नगर निगम के साथ मिलान हो चुका है और प्रक्रिया अब भी जारी है। बैंक ने यह भी कहा कि वह नगर निगम, सरकारी अधिकारियों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ पूरी तरह सहयोग कर रहा है। यह मामला हरियाणा सरकार की जमा राशि से जुड़ी अन्य धोखाधड़ी की घटनाओं के बीच सामने आया है। हाल ही में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एयू स्माल फाइनेंस बैंक में भी अनियमितताएं पाई गईं।

## संक्षिप्त खबरें

### वाहन ने खाली प्लॉट में सो रहे व्यक्ति को कुचला

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 26 मार्च।** सेक्टर-58 थाना क्षेत्र में एक वाहन ने खाली प्लॉट में सो रहे व्यक्ति के सिर को कुचल दिया। हादसे में व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आरोपी चालक वाहन सहित फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं। राजीव कॉलोनी निवासी सुरक्षाकर्मी जितेंद्र तिवारी ने पुलिस को बताया कि 23 मार्च की रात करीब नौ बजे एक मानसिक रूप से परेशान व्यक्ति कंपनी के बाहर टहल रहा था। सुरक्षाकर्मी द्वारा टोके जाने पर वह पास ही के एक खाली प्लॉट में जाकर सो गया। देर रात किसी भारी अज्ञात वाहन ने सोते हुए व्यक्ति के सिर को कुचल दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और अज्ञात चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली हैं। पुलिस अब आसपास की कंपनियों और रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि फरार वाहन का सुराग लगाया जा सके।

### 1.13 करोड़ रुपये निजी खातों में ट्रांसफर करने का आरोप

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 26 मार्च।** डीएलएफ साइबर सिटी स्थित फाइनेंस कंपनी में सीनियर मैनेजर के कंपनी के खातों से करीब 1.13 करोड़ रुपये निजी खातों में ट्रांसफर करने के आरोप हैं। डीएलएफ फेज-2 थाने में दी शिकायत में पीड़ित ने आरोप लगाया है कि इस पूरी रकम को शेयर बाजार में उड़ा दिया। कंपनी के एवीपी फाइनेंस की शिकायत पर डीएलएफ फेज-2 में प्राथमिकी दर्ज की है। मनी बॉक्स फाइनेंस लिमिटेड के एवीपी फाइनेंस कुमुद कुमार ने पुलिस को बताया कि आरोपी राहुल कुमार कंपनी में सीनियर मैनेजर फाइनेंस के तौर पर काम करता था। उसके पास बैंकिंग सिस्टम, फंड ट्रांसफर व वेंडर पेमेंट के अहम अधिकार थे। आरोप है कि अक्तूबर 2026 से जनवरी 2026 के बीच राहुल ने अपने एडमिन राइट्स का गलत इस्तेमाल किया। उसने कंपनी के आंतरिक सुरक्षा तंत्र को धोखा दिया और अनधिकृत रूप से 1,13,33,000 रुपये अपने पर्सनल बैंक खातों में ट्रांसफर कर लिए। कंपनी के इंटरनल ऑडिट और मिलान प्रक्रिया के दौरान इस भारी हेराफेरी का खुलासा हुआ। सिस्टम की नजरों से बचने के लिए राहुल ने किस्तों में कुछ रकम वापस भी की। डीएलएफ फेज-2 थाने के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मामले में जांच व कार्रवाई आर्थिक अपराध शाखा-1 की पुलिस की कर रही है। प्राथमिकी दर्ज करने के बाद रिपोर्ट आर्थिक अपराध शाखा-1 में भेजी जा चुकी है।

# निवेश के नाम पर 10 करोड़ ठगने वाले छह साइबर जालसाज गिरफ्तार, अंतरराज्यीय गैंग का खुलासा

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 मार्च।**

बाहरी-उत्तरी जिला साइबर सेल ने डिजिटल अरेस्ट, फर्जी निवेश और ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गैंग का खुलासा करते हुए छह साइबर जालसाजों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चार मामलों की जांच छह राज्यों में छापेमारी कर इन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनकी गिरफ्तारी से 10.6 करोड़ की ठगी की बात सामने आई है। पुलिस ने इनके कब्जे से 19 लाख रुपये बरामद किए हैं। इसमें से कुछ रकम अदालत के आदेश पर पीड़ितों को लौटा दी गई है। जिला पुलिस उपायुक्त हरेश्वर वी स्वामी ने बताया कि साइबर सेल की टीम चार शिकायतों की तकनीकी जांच कर रही थी। जिसके जरिये पुलिस को आरोपियों के बारे में जानकारी मिली।



इस जानकारी पर निरीक्षक गोविंद सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दिल्ली के अलावा झारखंड, उत्तराखंड राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में संयुक्त रूप से छापामारी कर जालसाजी में शामिल छह आरोपियों को पकड़ लिया।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि चार मामलों में एक मामला बुजुर्ग दंपती को डिजिटल अरेस्ट कर 20 लाख रुपये ठगी करने का मामला था। जिसमें साइबर ठगों ने खुद को ट्राई और सीबीआई अधिकारी बताकर बुजुर्ग दंपती पर एक सप्ताह तक मानसिक दबाव बनाया और उनसे 20 लाख रुपये अपने बैंक खाते में डलवा लिए। इस मामले की जांच में पता चला कि 18.5 लाख रुपये बंदन बैंक के खाते में ट्रांसफर हुए थे। बैंक खाता झारखंड के रांची निवासी शशिकांत कुमार के नाम से था। पुलिस टीम ने रांची में छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने मोबाइल फोन, चेक बुक पेन ड्राइव बरामद की। जांच में पता चला कि आरोपी का खाता 35 शिकायतों से जुड़ा है और इसमें ठगी के दो करोड़ रुपये का लेन-देन हुआ है। इसी तरह फर्जी निवेश पर मुनाफा के नाम पर एक शख्स से 7.79 लाख की ठगी के मामले में पुलिस ने रुड़की उत्तराखंड से खालिद त्यागी को गिरफ्तार किया। उसके खाते में 2.83 लाख रुपये डाले गए थे। जांच में पता चला कि आरोपी का बैंक खाता 26 शिकायतों और करीब 4.08 करोड़ की ठगी से जुड़ा हुआ है। ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर ठगी करने के मामले में साइबर सेल ने शाहदरा से सचिन मित्तल को गिरफ्तार किया है। उसका बैंक खाता 24 शिकायतों और 1.1 करोड़ की ठगी से जुड़ा पाया गया है। चौथे मामले में सिम कार्ड का दुरुपयोग का आरोप लगाकर डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर आठ लाख की ठगी के मामले में पुलिस ने भोपाल के एक बैंक खाते से पूरी रकम बरामद कर ली। इस मामले में तीन जालसाज आसिफ, नितिन सैनी और वीरेंद्र मुखिया को अलग अलग राज्यों से गिरफ्तार कर लिया। इनके बैंक खाते पांच शिकायतों और 3.33 करोड़ की ठगी से जुड़ा पाया गया है।

## करोड़ों योजनाओं के बाद भी गुरुग्राम में वायु प्रदूषण की स्थिति चिंताजनक

**» गुरुग्राम, यूटर्न/ 26 मार्च।**

रिपोर्ट ने एक बार फिर दिल्ली-एनसीआर समेत पूरे उत्तर भारत में बढ़ते वायु प्रदूषण के संकट को उजागर किया है। 2026 में गुरुग्राम प्रदूषण चार्ट में 11वें स्थान पर रहा। लोनी देश का सबसे प्रदूषित शहर बना, इसके बाद दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा और ग्रेटर नोएडा का स्थान है। गुरुग्राम का वार्षिक औसत पीएम 2.5 स्तर 74.6 माइक्रोग्राम/घन मीटर रहा, जबकि नवंबर में यह पीक पर 153.6 माइक्रोग्राम/घन मीटर तक पहुंच गया था। रिपोर्ट में बताया गया कि भारत में पीएम 2.5 का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन के सुझाए गए स्तर से 13 गुना अधिक है।

सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में गुरुग्राम में 11वें और मानेसर में 48वें स्थान पर रहे। पिछले वर्षों की तुलना में गुरुग्राम की रैंकिंग में सुधार या स्थिरता देखी गई है। हालांकि, शहर की हवा में सूक्ष्म कणों (पीएम 2.5) का स्तर अभी भी खतरनाक श्रेणी में है, जिससे स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ने का खतरा बना हुआ है। बढ़ते प्रदूषण के कारण अस्पतालों में श्वसन और हृदय



रोगों के मामलों में इजाफा हुआ है। प्रशासन ने अधिक गंभीर स्थिति के दौरान स्कूल बंद किए, निर्माण कार्य रोके और डीजल जनरेटर पर प्रतिबंध लगाया। इसके बावजूद कोई खास सुधार नहीं देखा गया है। नगर निगम, जीएमडीए और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से करोड़ों रुपये की योजनाओं के बावजूद शहर की वायु गुणवत्ता सुधारने में मुश्किलें बनी हुई है। प्रदूषण स्तर कम करने के लिए एंटी फॉग मशीन का इस्तेमाल किया गया, लेकिन जर्जर सड़कें और उड़ती धूल के कारण कई क्षेत्रों में सुधार नहीं दिखा।

धूलमुक्त करने के बाद भी गुरुग्राम की हवा प्रदूषित बनी हुई है। नगर निगम हर साल करोड़ों खर्च करके सड़कों की सफाई और धूलमुक्त योजनाएं चलाता है लेकिन स्थिति गंभीर बनी हुई है।

## हरियाणा के लाखों बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत, 2026-27 में नहीं बढ़ेंगे दाम

**» गुरुग्राम, यूटर्न/ 26 मार्च।**

हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (एचईआरसी) ने प्रदेश के करीब 84 लाख बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए वित्त वर्ष 2026-27 के लिए बिजली दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं करने का फैसला किया है। आयोग ने बिजली वितरण निगमों (यूएचबीवीएनएल और डीएचबीवीएनएल) द्वारा पेश किए गए राजस्व घाटे के अनुमान के बावजूद टैरिफ को यथावत रखने का निर्णय लिया है। नया टैरिफ 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होगा।

आयोग के अध्यक्ष नंद लाल शर्मा ने बताया कि उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ डालने के बजाय निगमों को घाटा कम करने और बकाया प्रबंधन सुधारने के निर्देश दिए गए हैं।

डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए प्रीपेड स्मार्ट मीटर इस्तेमाल करने वालों को ऊर्जा शुल्क और फिक्स्ड चार्ज पर 5 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इसके अलावा, इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए गुरुग्राम, फरीदाबाद और पंचकूला समेत प्रमुख शहरों में नए चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। एचईआरसी के अध्यक्ष नंद लाल शर्मा और सदस्य मुकेश गर्ग और शिव कुमार ने 26 मार्च को इस टैरिफ आदेश पर हस्ताक्षर किए।

## नागरिक अस्पताल में हुई पहली कीमोथैरेपी

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 26 मार्च।** सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल के कैंसर डे केयर सेंटर में बुधवार को पहली बार कीमोथेरेपी सफलतापूर्वक की गई। इस सेंटर का उद्घाटन बीते माह चार फरवरी को सीएमओ डॉ. लोकवीर के नेतृत्व में किया गया था। सेंटर का संचालन एम्स बाढ़सा की कैंसर विशेषज्ञ टीम की देखरेख में किया जा रहा है, जिससे मरीजों को उच्च स्तरीय उपचार सुविधा मिल रही है।

पहली कीमोथेरेपी ब्रेस्ट कैंसर से पीड़ित मरीज को दी गई। इस सेंटर में मुख्य रूप से एम्स झज्जर से रेफर किए गए मरीजों का इलाज किया जा रहा है। यहां केवल दिन के समय ही उपचार की सुविधा उपलब्ध है और मरीजों को दी जाने वाली सभी दवाइयां पूरी तरह निशुल्क प्रदान की जा रही हैं। इस दौरान डॉ. सुमेधा ने अपनी टीम के साथ मिलकर कीमोथेरेपी प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा किया। कार्यवाहक पीएमओ डॉ. नीना ने बताया कि यह सेंटर मरीजों के लिए बड़ी राहत साबित हो रहा है और आगे भी इसी तरह विशेषज्ञों की निगरानी में इलाज जारी रहेगा।

# 'रोइए मत, वह अब एक अच्छी जगह पर है', 13 साल की पीड़ा और आंसुओं में डूबी विदाई; अंग दान होंगे

**» दिल्ली, यूटर्न/ 26 मार्च।**

दक्षिणी दिल्ली के ग्रीन पार्क स्थित श्मशान घाट में बुधवार को हरीश राणा का पूरे सम्मान और श्रद्धा के साथ अंतिम संस्कार किया गया। परिवार के सदस्यों के साथ महिलाओं के नेतृत्व वाले आध्यात्मिक आंदोलन ब्रह्मा कुमारी के प्रतिनिधि भी अंतिम संस्कार में शामिल हुए। इस दौरान माहौल बेहद भावुक था और हर किसी की आंखें नम नजर आईं। गाजियाबाद की राज एम्पायर सोसाइटी के निवासी भी अपना समर्थन देने के लिए वहां पहुंचे। इस समूह में विभिन्न एनजीओ, एम्स के कर्मचारी, रिश्तेदार और दोस्त भी शामिल थे।

अंतिम संस्कार से पहले शोक के साथ एक गहरी खामोश राहत भी महसूस की जा रही थी। 13 वर्षों तक कोमा में जीवन और मृत्यु के बीच झूलते रहे हरीश राणा को आखिरकार इच्छामृत्यु के बाद उस पीड़ा से मुक्ति मिल गई, जिसने उनके साथ पूरे परिवार को भीतर तक तोड़ दिया था।



पार्थिव शरीर जैसे ही एम्बुलेंस से उतारा गया, हर आंख नम थी। इन आंसुओं में बिछड़ने का दर्द तो था ही लेकिन एक लंबे कष्ट के अंत की थकी हुई राहत भी नजर आई। गुलाब की पंखुड़ियों से सजी चिता के सामने खड़े लोग मानो उस संघर्ष के गवाह थे, जो हरीश ने वर्षों तक बिना कुछ कहे सहा।

पार्थिव शरीर को जब चिता पर रखा गया, तो कांपते हाथों से केसरिया मालाएं अर्पित की गईं। उस पल हर चेहरा बीते 13 वर्षों की यादों से भरा था। सबसे भावुक क्षण तब आया, जब छोटे भाई आशीष राणा ने बहन भावना के साथ मिलकर मुखाग्नि दी। भाई-बहन की सिसकियां सिर्फ एक विदाई नहीं थीं, बल्कि उन वर्षों के दर्द का विसर्जन थीं, जो उन्होंने हर दिन जिया था। हिंदू रीति-रिवाजों और ब्रह्माकुमारी संस्था की आध्यात्मिक परंपराओं के बीच शांति पाठ हुआ।

मंत्रों की गूंज के बीच यह एहसास साफ था कि हरीश अब उस पीड़ा से मुक्त हैं, जिसने उनके जीवन को एक लंबी खामोश कैद बना दिया था। यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय भी पहुंचे और परिवार को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से परिवार के साथ खड़ी है और हर संभव मदद के लिए तैयार है।

### परिवार ने किया अंग दान का फैसला

अंतिम संस्कार में परिवार ने कहा कि रोइए मत, वह अब एक अच्छी जगह पर है। उनके माता-पिता अशोक राणा और निर्मला देवी ने सभी से शोक व्यक्त करते हुए शांति बनाए रखने का आग्रह किया। साथ ही, पड़ोसियों और शुभचिंतकों ने परिवार के उस अटूट समर्पण की सराहना की, जिसके साथ उन्होंने पिछले कई वर्षों के दौरान भावनात्मक और आर्थिक चुनौतियों का सामना करते हुए भी हरीश की देखभाल की। अंतिम संस्कार और उससे जुड़ी रस्में पूरी करने के बाद परिवार अपने गाजियाबाद स्थित आवास लौट गया। हरीश के परिवार ने उनके अंग दान करने का फैसला लिया है। इससे उनके पांच अंगों का जीवन दूसरों के लिए आशा बन जाएगा।

## सेक्टर 46 व 51 की डिवाइडिंग रोड अतिक्रमण मुक्त

**» गुरुग्राम, यूटर्न/ 26 मार्च।**

गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सेक्टर 46 और 51 डिवाइडिंग रोड को अतिक्रमण से मुक्त कराया। दो दिवसीय अभियान के तहत करीब 1.6 किलोमीटर क्षेत्र से अवैध अतिक्रमण हटाया गया।

जीएमडीए के डीटीपी आरएस बाठ ने प्रवर्तन टीम और करीब 20 पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर दो जेसीबी मशीनों की सहायता से अतिक्रमण हटाया। सड़क के दोनों ओर करीब 800 मीटर तक झुग्गियां थी, जिससे यातायात संचालन और विकास कार्य प्रभावित होते थे। प्रशासन ने दो बार नोटिस जारी किया, लेकिन अतिक्रमण नहीं हटाने पर कार्रवाई करनी पड़ी।

जीएमडीए क्षेत्र में ग्रीन बेल्ट विकसित करने और सर्विस रोड बनाने की योजना पर काम कर रही है। डीटीपी आरएस बाठ ने बताया कि अभियान जीएमडीए की निरंतर इंफोर्समेंट कार्रवाई का हिस्सा है। पहले भी राजीव चौक,



मेडिसिटी रोड और सेक्टर 47 में अतिक्रमण हटाया जा चुका है और भविष्य में भी कार्रवाई जारी रहेगी।

## तीन अवैध कॉलोनियों में चला डीटीपीई का बुलडोजर

गुरुग्राम। जिला नगर योजनाकार विभाग की प्रवर्तन शाखा ने गांव सिधरावली और बोहरा कलां के राजस्व क्षेत्र में स्थित तीन अवैध कॉलोनियों में तोड़फोड़ की। डीटीपीई अमित मधोलिया ने बताया कि गांव सिधरावली के राजस्व क्षेत्र में लगभग 2 एकड़ और 5 एकड़ की बस रहीं दो अवैध कॉलोनियों में कार्रवाई की।



## अदिति राव ने फैशन डिजाइनिंग की दुनिया में रखा कदम

लैक्मे फैशन वीक में मशहूर फैशन ब्रांड सत्य पॉल ने अभिनेत्री अदिति राव हैदरी के साथ मिलकर एक आकर्षक कलेक्शन पेश किया। इसमें अदिति राव ने पहली बार फैशन डिजाइनिंग की दुनिया में कदम रखते हुए सह-रचनात्मक निदेशक की भूमिका निभाई। इस कलेक्शन में रंगों, कला और आधुनिक डिजाइन का शानदार मिश्रण देखने को मिला। कलेक्शन की खासियत इसमें इस्तेमाल किए गए जीवंत रंग, खूबसूरत चित्रकारी और विविध पैटर्न हैं, जो इसे अलग पहचान देते हैं। डिजाइन की बात करें तो इसमें ड्रैगनफ्लाई यानी व्याध-पतंग, फूलों के पैटर्न और अमूर्त आकृतियों का खास तौर पर उपयोग किया गया है। ये तत्व कपड़ों पर प्रिंट, सजावट और हल्के एम्बेलिशमेंट के रूप में उभरकर सामने आते हैं, जो पूरे कलेक्शन को एक कलात्मक रूप देते हैं। इस कलेक्शन को बहुउपयोगी बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया है। पारंपरिक साड़ी को आधुनिक अंदाज में पेश करते हुए उसे हल्के पारदर्शी जैकेट, लंबे ढीले कोट और अन्य वेस्टर्न सिल्हूट के साथ जोड़ा गया है।



## टीवी से फिल्मों तक का रास्ता आसान नहीं था: उल्का गुप्ता


मनोरंजन जगत में एक प्लेटफॉर्म पर सफलता हासिल करने के बाद कलाकारों के लिए दूसरे माध्यम में खुद को स्थापित करना आसान नहीं होता। यहां हर कलाकार की यात्रा अलग और चुनौतीपूर्ण होती है। अभिनेत्री उल्का गुप्ता के लिए भी टीवी से फिल्मों तक का सफर कुछ ऐसा ही रहा। उल्का गुप्ता ने अपने अभिनय करियर की शुरूआत टेलीविजन से की और धीरे-धीरे फिल्म इंडस्ट्री में अपनी जगह बनानी शुरू की। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने अपने अब तक के सफर को याद करते हुए बताया कि यह रास्ता बिल्कुल आसान नहीं था। उन्होंने कहा कि टीवी में कई सालों तक काम करने और अभिनय की बारीकियां सीखने के बावजूद फिल्मों में आने के लिए उन्हें कई ऑडिशन्स देने पड़े और खुद को बार-बार साबित करना पड़ा। उन्होंने बताया कि आज वह जिस मुकाम पर हैं, वहां तक पहुंचने के पीछे उनकी कड़ी मेहनत और लगातार प्रयास हैं।




## सेलिना जेटली को मिला प्रीति जिंटा का साथ, ईद पर दी नई हिम्मत

बॉलीवुड की 'नो एंट्री' फेम एक्ट्रेस सेलिना जेटली इस वक्त बहुत बुरे दौर से गुजर रही हैं। उनका पति पीटर हाग से तलाक का केस चल रहा है। वे अपने तीनों बच्चों से भी बहुत दूर हैं। अभिनेत्री का भाई भी अबू धाबी की जेल में बंद है। इन मुश्किल हालातों ने अभिनेत्री को तोड़कर रख दिया है, लेकिन इस ईद पर उनके जीवन में बड़ा बदलाव आया है। सेलिना जेटली ने अब बहुत प्यारा पोस्ट शेयर किया है, जिसमें वो ट्रेडिशनल आउटफिट में दिख रही हैं और गहनों से लदी हैं। अभिनेत्री को काफी समय बाद ऐसे अवतार में देखा गया है। खुद को यूं सजा और तैयार करके सेलिना का आत्मविश्वास भी बढ़ गया है। इन परिस्थितियों में उन्हें अच्छा फील कराया प्रीति जिंटा ने, जिन्होंने उन्हें तैयार होने के लिए मोटिवेट किया। अपनी प्यारी फोटोज शेयर कर सेलिना ने प्रीति जिंटा का दिल से शुक्रिया कहा है। उन्होंने लिखा, 'एक अलग तरह की ईद, जिसने मुझे खुद से फिर से जोड़ा। बहुत लंबे समय बाद, मैंने ट्रैकसूट और वर्कआउट कपड़ों के अलावा कुछ और पहना। काफी समय बाद, यह मेरा पहला कदम था, पूरी तरह सज-धज कर बाहर आना। मेरी दोस्त प्रीति जिंटा ने मुझे तैयार होने और खुद के लिए बाहर आने के लिए प्रेरित किया।' सेलिना के मुताबिक खुद को तैयार करके वह आत्मनिर्भर और शक्ति से भरा महसूस कर रही हैं। पहले उन्होंने परेशानियों में खुद को इतना घोल लिया कि खुद को पूरी तरह भूल गईं और सजना-संवरना छोड़ दिया था।

## दिल्ली इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में आमिर की फिल्म 'सितारे जमीन पर' की स्पेशल स्क्रीनिंग, अभिनेता ने जताया आभार



दिल्ली के भारत मंडपम में इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के कार्यक्रम का आगाज हो चुका है और गुरुवार को समारोह का दूसरा दिन रहा। इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में आमिर खान की फिल्म 'सितारे जमीन पर' की स्पेशल स्क्रीनिंग रखी गई, जहां उन्हें युवा दर्शकों से बातचीत करने का मौका मिला। फिल्म फेस्टिवल के दूसरे दिन के लिए निर्देशक अनिल कुमार रविपुडी और अभिनेत्री ऐश्वर्या राजेश भी समारोह का हिस्सा बनीं। मीडिया से बात करते हुए आमिर खान ने बताया कि दिल्ली में पहली बार इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया गया है और वो बहुत खुश हैं क्योंकि उनकी फिल्म 'सितारे जमीन पर' की स्पेशल स्कीनिंग फेस्टिवल में की गई है। उन्होंने कहा, 'हमारे लिए यह गर्व की बात है और यहां ज्यादातर युवा फिल्म को देखने के लिए आए हैं।' फिल्म के ओटीटी रिलीज पर आमिर ने कहा कि वो नहीं चाहते हैं कि थिएटर रिलीज के तुरंत बाद फिल्म को ओटीटी पर रिलीज किया जाए लेकिन अब लंबा समय हो चुका है और 3 अप्रैल को फिल्म को ओटीटी पर रिलीज किया जाएगा।

## बेहद असरदार व्यायाम के फायदों के बारे में बताया शिल्पा शेट्टी ने



हाल ही में बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने इंस्टाग्राम पर एक नया फिटनेस वीडियो शेयर किया, जिसमें वह 'रिवर्स हाइपर' एक्सरसाइज करती नजर आ रही हैं। शेयर किए गए वीडियो के माध्यम से उन्होंने इस कम चर्चित लेकिन बेहद असरदार व्यायाम के फायदों और सही तकनीक के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

शिल्पा ने इस एक्सरसाइज को अंडररेटेड बताते हुए कहा कि यह खास तौर पर ग्लूट्स यानी नितंब की मांसपेशियों को मजबूत बनाने के लिए बेहद उपयोगी है। उन्होंने बताया कि रिवर्स हाइपर करते समय हिप एक्सटेंशन की प्रक्रिया के जरिए ग्लूटस मैक्सिमस मांसपेशी को प्रभावी ढंग से टारगेट किया जाता है, जिससे न सिर्फ ताकत बढ़ती है बल्कि शरीर का आकार भी बेहतर होता है। अभिनेत्री के अनुसार, यह एक्सरसाइज लोअर बैक यानी कमर के निचले हिस्से के लिए भी सुरक्षित मानी जाती है। यह पोस्टीरियर चेन जिसमें पीठ, ग्लूट्स और हैमस्ट्रिंग्स शामिल होते हैं को मजबूत बनाती है और रीढ़ की हड्डी पर अतिरिक्त दबाव डाले बिना संतुलित ताकत विकसित करती है। उन्होंने बताया कि जो लोग स्क्वाट्स और डेडलिफ्ट्स जैसी भारी एक्सरसाइज करते हैं, उनके लिए भी यह अभ्यास काफी फायदेमंद है, क्योंकि यह हिप एक्सटेंशन की ताकत बढ़ाने में मदद करता है। शिल्पा ने यह भी कहा कि रिवर्स हाइपर एक्सरसाइज शरीर के संतुलन को बेहतर बनाती है और मांसपेशियों के बीच तालमेल स्थापित करती है। नियमित अभ्यास से लोअर बैक की जकड़न कम होती है और रक्त संचार बेहतर होता है, जिससे रीढ़ को बेहतर सपोर्ट मिलता है।




## आरसीबी बनाम एसआरएच सर्वाधिक रन बनाने वाले 3 बल्लेबाज, टॉप पर विराट कोहली

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 मार्च।** आईपीएल 2026 का पहला मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के बीच 28 मार्च को एम. चिन्नास्वामी क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाना है। आरसीबी ने पिछले साल 18 साल का सूखा खत्म करते हुए पहली बार खिताब को अपने नाम किया था। आइए आपको उन तीन बल्लेबाजों के नाम बताते हैं जिन्होंने आरसीबी-हैदराबाद के बीच खेले गए मुकाबलों में सर्वाधिक रन बनाए हैं।

**विराट कोहली:** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की तरफ से खेलते हुए सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड विराट कोहली के नाम दर्ज है। कोहली ने एसआरएच के खिलाफ खेली 24 पारियों में 142 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 805 रन बनाए हैं। इस दौरान विराट ने एक शतक और 5 अर्धशतक लगाए हैं। यानी कोहली को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेलना काफी रास आता है। आईपीएल 2025 में एसआरएच के खिलाफ खेले गए मैच में कोहली ने 25 गेंदों में 43 रनों की दमदार पारी खेली थी। विराट इस लीग के इतिहास में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज भी हैं। विराट ने 267 मुकाबलों में अब तक 8,661 रन बनाए हैं।

डेविड वॉर्नर: सनराइजर्स हैदराबाद और आरसीबी के बीच हुए मुकाबलों में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में डेविड वॉर्नर दूसरे नंबर पर काबिज हैं। वॉर्नर ने आरसीबी के गेंदबाजी अटैक का 13 मुकाबलों में सामना किया है। इस दौरान वॉर्नर ने 163 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 647 रन बनाए हैं। हालांकि, वॉर्नर इस सीजन टूर्नामेंट का हिस्सा नहीं हैं। पूर्व कंगारू बल्लेबाज ने अपनी कप्तानी में सनराइजर्स हैदराबाद को साल 2016 में चैंपियन बनाया था। वॉर्नर ने 184 मुकाबलों के अपने आईपीएल करियर में 6,565 रन बनाए। वॉर्नर आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विदेशी बल्लेबाज हैं।

एबी डिविलियर्सः आरसीबी की जर्सी में खेलते हुए एबी डिविलियर्स का प्रदर्शन सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ लाजवाब रहा। एबी ने एसआरएच के गेंदबाजी अटैक का कुल 17 मुकाबलों में सामना किया और इस दौरान उन्होंने 155 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 540 रन बनाए। डिविलियर्स ने 5 अर्धशतक लगाए हैं। उल्लेखनीय है कि डिविलियर्स ने साल 2021 में आईपीएल से संन्यास ले लिया था।

## मियामी ओपन: जीत के साथ फिल्स-लेहेको ने कटाया सेमीफाइनल का टिकट

**मियामी, यूटर्न/ 26 मार्च।** फ्रांस के युवा टेनिस खिलाड़ी आर्थर फिल्स ने मियामी ओपन के क्वार्टर फाइनल में अमेरिका के टॉमी पॉल को 6-7(3), 7-6(4), 7-6(6) से हराकर शानदार जीत दर्ज की। इस जीत के साथ उन्होंने अपने पहले एटीपी मास्टर्स 1000 सेमीफाइनल में जगह पक्की की। दो घंटे 47 मिनट तक चले मुकाबले में 21 साल के फिल्स ने दबाव में भी धैर्य बनाए रखा। आखिरी सेट के टाई-ब्रेक में वे 2-6 से पीछे होने के बाद लगातार छह प्वाइंट जीतकर मैच अपने नाम करने में सफल रहे। हालांकि, उन्होंने पॉल की सर्विस को बिना तोड़े ही जीत हासिल की। 28वें वरीयता प्राप्त खिलाड़ी फिल्स ने पूरे मैच में आक्रामक खेल दिखाया और जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ा, बॉल को और ताकत से हिट किया। यह जीत उनके लिए बेहद खास रही, क्योंकि इससे पहले उन्होंने अपने चारों एटीपी मास्टर्स 1000 क्वार्टर फाइनल में हार का सामना किया था, जिसमें हाल ही में इंडियन वेल्स में बाहर होना भी शामिल था।



यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# बदलते वैश्विक हालात में अमेरिका की मुश्किलें बढ़ीं, चीन-रूस बने बड़ी चुनौती

» **वॉशिंगटन, यूटर्न/ 26 मार्च।**

वैश्विक हालात में तेजी से बदलाव के बीच अमेरिका अब एक साथ दो परमाणु खतरों–चीन और रूस का सामना कर रहा है। यह बात शस्त्र नियंत्रण और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के अवर सचिव थॉमस डिनानो ने कांग्रेस में सुनवाई के दौरान सांसदों से कही।



डिनानो ने कहा कि मौजूदा खतरे का माहौल एक ऐतिहासिक बदलाव को दशार्ता है, जिसमें वाशिंगटन को बीजिंग और मॉस्को दोनों से एक साथ परमाणु चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा छोटे परमाणु देशों से भी खतरे बढ़ रहे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पारंपरिक हथियार नियंत्रण ढांचे अब मौजूदा भू-राजनीतिक और तकनीकी चुनौतियों के पैमाने और जटिलता को संभालने में सक्षम नहीं हैं।

डिनानो ने कहा, 'एक नामांकित अधिकारी के रूप में मैंने ऐसे हथियार नियंत्रण समझौते तलाशने का संकल्प लिया है, जो सत्यापन योग्य और लागू करने योग्य हों तथा अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करें।' उन्होंने यह भी बताया कि उनका कार्यालय पुराने तंत्र को आधुनिक बनाने पर ध्यान दे रहा है। मौजूदा संधियां आज की वास्तविकताओं को, खासकर अमेरिका के विरोधियों की बढ़ती परमाणु क्षमताओं के संदर्भ में नहीं दशार्ती। अमेरिका और रूस के बीच परमाणु हथियारों को सीमित करने वाली अंतिम प्रमुख संधि का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, 'न्यू स्टार्ट ने सिर्फ अमेरिका को रोका, जबकि रूस को एक बड़ा थिएटर-रेंज्ड न्यूक्लियर हथियार बनाने और बनाए रखने की इजाजत दी।' उन्होंने सरकार के एक्सपायर हो चुके समझौते से आगे बढ़ने के फैसले का बचाव किया।

डिनानो ने कहा कि सरकार अब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नए समझौते के दृष्टिकोण के हिसाब से अपडेटेड फ्रेमवर्क पर काम कर रहा है, जो लागू करने लायक हों और उभरते खतरों के हिसाब से ढल सकें। उन्होंने कहा, 'राष्ट्रपति ने एक नई संधि की मांग की और कहा कि भविष्य के अरेंजमेंट में तकनीकी बदलाव और बड़े रणनीतिक प्रतिस्पर्धा का ध्यान रखना होगा।ह

## बंगलादेश में बस पद्मा नदी में गिरी, 24 यात्रियों की मौत

**ढाका, यूटर्न/ 26 मार्च।** बंगलादेश में बुधवार शाम यात्रियों से भरी एक यात्री बस, नौका पर चढ़ाये जाने के दौरान अनियंत्रित होकर पद्मा नदी में गिर गई जिससे कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लापता हैं। यह दर्दनाक हादसा राजबाड़ी जिले के दौलतदिया फेरी टर्मिनल के पास शाम लगभग सवा पांच बजे तब हुआ जब ढाका की ओर जा रही 'सौहार्द परिवहन' की बस पंटून नंबर 3 से नदी में जा गिरी। प्रारंभिक जांच के अनुसार, फेरी के करीब पहुँचते ही बस चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद बस पलट गई और नदी में लगभग 30 फीट नीचे डूब गई। फायर सर्विस के अधिकारी ताल्हा बिन जासिम ने बताया कि जलमग्न बस के भीतर से 22 शव बरामद किए गए हैं, जिनमें 6 पुरुष, 11 महिलाएं और 5 बच्चे शामिल हैं। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन, पुलिस, कोस्ट गार्ड और सेना की सहायता से बड़े पैमाने पर बचाव अभियान शुरू किया गया। रात भर चले इस ऑपरेशन में कई दमकल यूनिटों और गोताखोरों को लगाया गया। एक दमकल अधिकारी सोहेल राणा के मुताबिक, 'हमजा' नामक जहाज और क्रेन की मदद से करीब 6 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बुधवार आधी रात को बस को नदी से बाहर निकाल लिया गया। बंगलादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने बचाव कार्यों की जानकारी ली है और इस पूरी घटना की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं।

## होर्मुज जलडमरूमध्य भारत के लिए खुला है: अब्बास अराघची

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 26 मार्च।** ईरान ने भारत और कुछ अन्य 'मित्र देशों' के जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दे दी है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने गुरुवार को यह जानकारी दी। ईरानी समाचार एजेंसी तसनीम ने विदेश मंत्री के हवाले से कहा कि तेहरान ने भारत, रूस, चीन, इराक और पाकिस्तान सहित मित्र देशों के जहाजों को जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दी है। श्री अराघची ने कहा, 'हमने चीन, रूस, भारत, इराक और पाकिस्तान सहित मित्र राष्ट्रों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दी है।' उन्होंने कहा कि यह जलडमरूमध्य 'दुश्मनों और उनके सहयोगियों' के लिए बंद है। होर्मुज जलडमरूमध्य एक महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है, जिसके माध्यम से वैश्विक तेल और गैस व्यापार का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा गुजरता है। अमेरिका और इजरायली हमलों के बाद ईरान ने इसे बंद कर दिया था। श्री अराघची ने कहा, 'हमारे दृष्टिकोण से, होर्मुज जलडमरूमध्य पूरी तरह से बंद नहीं है। यह केवल दुश्मनों के लिए बंद है।

## ईरान ने बाब-अल मंदेब में नया मोर्चा खोलने की धमकी दी

**तेहरान, यूटर्न/ 26 मार्च।** ईरान ने अमेरिका का मुकाबला करने के लिए बाब-एल-मंडेब जलडमरूमध्य में एक 'मोर्चा' खोलने की धमकी दी है। ईरानी समाचार एजेंसी तसनीम ने एक सैन्य स्रोत के हवाले से यह जानकारी दी। इससे पहले, ईरान के नए सर्वोच्च नेता मुजतबा खामेनेई ने कहा था कि यदि क्षेत्र में संघर्ष जारी रहता है तो ईरान अमेरिका और इजराइल के खिलाफ नए मोर्चे खोल सकता है। स्रोत ने समाचार एजेंसी को बताया कि ईरान लाल सागर में उस रणनीतिक जलमार्ग को खतरे में डालने में सक्षम है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि अमेरिका ईरान के दक्षिणी क्षेत्रों और ईरानी द्वीपों के खिलाफ कोई कार्रवाई करने का प्रयास करता है तो अमेरिका का मुकाबला करने के लिए यह नया मोर्चा खोला जाएगा। न्यूयॉर्क टाइम्स अखबार ने बुधवार को अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से खबर दी कि अमेरिकी सैना उत्तरी फारस की खाड़ी में देश के प्राथमिक तेल निर्यात केंद्र, ईरान के खार्ग द्वीप पर कब्जा करने के लिए 82वीं एयरबोर्न डिवीजन के सैनिकों की तैनाती पर विचार कर रही हैं।

# सिंध में 2022 की बाढ़ से क्षतिग्रस्त 14,000 स्कूलों को कायाकल्प का इंतजार

» **इस्लामाबाद, यूटर्न/ 26 मार्च।**

लगभग साढ़े तीन साल बीत गए हैं लेकिन पाकिस्तान के सिंध प्रांत के एक दो नहीं बल्कि 14,343 विद्यालय अपने कायाकल्प का इंतजार कर रहे हैं। बाढ़ ने 2022 में यहां भारी तबाही मचाई थी।

पाकिस्तान के सिंध प्रांत में 2022 की भयानक बाढ़ की चपेट में 19,808 स्कूल आए थे। इनमें से 14,343 अभी भी जीर्ण शीर्ण हाल में हैं। स्थानीय मीडिया ने आधिकारिक आंकड़ों के हवाले से अव्यवस्था का खुलासा किया है।

भयानक बाढ़ में 2,268 स्कूल पूरी तरह से तबाह हो गए, जबकि 3,197 को थोड़ा नुकसान पहुंचा। पाकिस्तान के जाने-माने अखबार पाकिस्तान ऑब्जर्वर की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अब तक सरकार ने प्रांतीय, संघीय और दानकर्ता कार्यक्रम के जरिए 5,465 स्कूलों को फिर से बनाने और ठीक करने का काम शुरू कर दिया है, जिसका मतलब है कि 14,343 स्कूल अभी भी ठीक होने का इंतजार कर रहे हैं।

रिपोर्ट कहती है कि पाकिस्तान गंभीर शैक्षिक संकट का सामना कर रहा है। पहले से ही लाखों बच्चे सामाजिक, आर्थिक और इंफ्रास्ट्रक्चरल चुनौतियों की वजह से स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। सिंध में बाढ़ से तबाह हुए



स्कूलों को फिर से बनाने में लगातार देरी हो रही है और इससे स्थिति लगातार खराब हो रही है। नतीजतन हजारों बच्चे शिक्षा के अपने बुनियादी अधिकार से वंचित हो रहे हैं।

पाकिस्तान ऑब्जर्वर ने कहा, 'यह बात बहुत चिंता की बात है कि भयानक बाढ़ को लगभग चार साल बीत चुके हैं, फिर भी ज्यादातर स्कूल खराब हालत में हैं। अब तक जितना भी पुनर्निर्माण किया गया है, वह स्थिति की मांग से बहुत कम है और इस स्थिति को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। शिक्षा किसी भी तरक्की पसंद समाज की नींव है। हर दिन जब कोई स्कूल बंद रहता है, तो उन बच्चों के लिए एक दिन बर्बाद होता है जो पहले से ही बेसिक पढ़ाई के मौकों तक पहुंचने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। सिंध सरकार को सभी तबाह स्कूलों को पूरा करने को तुरंत प्राथमिकता देनी चाहिए।'

पाकिस्तान में 5-16 साल की उम्र के लगभग 28 प्रतिशत बच्चे अभी भी स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, चिंता की बात यह है कि लड़कियों पर इसका ज्यादा असर पड़ रहा है। 34 फीसदी लड़कियों का स्कूल में दाखिला नहीं हुआ है, वहीं लड़कों की ये दर 22 फीसदी है।

ये फर्क पाकिस्तान के ग्रामीण इलाकों में ज्यादा देखा जाता है। यहां लड़कियों को शिक्षा से दूर रखा जाता है। इससे पता चलता है कि लैंगिक असमानता शैक्षिक क्षेत्र में भी बहुत ज्यादा है। पाकिस्तान की राष्ट्रीय साक्षरता दर 63 फीसदी है, जिसमें साक्षर पुरुषों की तादाद 73 फीसदी और महिलाओं की 52 फीसदी है।

## संक्षिप्त खबरें

### अबू धाबी में गिरा मिसाइल का मलबा, दो की मौत और तीन घायल

**अबू धाबी, यूटर्न/ 26 मार्च।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की राजधानी अबू धाबी में मिसाइल का मलबा गिरने से दो लोगों की मौत हो गई जबकि तीन घायल हो गए। गुरुवार को अबू धाबी मीडिया कार्यालय ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने एक्स पोस्ट में बताया कि एयर डिफेंस सिस्टम द्वारा बैलिस्टिक मिसाइल को सफलतापूर्वक रोकने के बाद, स्वेइहान स्ट्रीट में मलबा गिरा। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई जबकि तीन घायल हो गए और कई वाहनों को नुकसान पहुंचा। इसके साथ ही लोगों को सलाह दी गई कि वे केवल आधिकारिक सोर्स से ही जानकारी लें, अफवाहें फैलाने से बचें और अपडेट का इंतजार करें।

### अमेरिकी सीनेटरों ने अबॉर्शन पिल्स की गैर-कानूनी ऑनलाइन बिक्री पर जताई चिंता


**वॉशिंगटन, यूटर्न/ 26 मार्च।** अमेरिकी सीनेटरों के एक ग्रुप ने फेडरल रेगुलेटर्स से अबॉर्शन पिल्स की गैर-कानूनी ऑनलाइन बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करने की अपील की है। साथ ही उन्होंने गैर-कानूनी ऑनलाइन बिक्री का लिंक भारत समेत विदेशी सप्लाई चेन से भी बताया है। सीनेटरों ने बुधवार को फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) कमिश्नर मार्टिन मकारी को लिखे एक लेटर में अमेरिकी मार्केट में केमिकल अबॉर्शन दवाओं, मिफेप्रिस्टोन और मिसोप्रोस्टोल के गलत ब्रांड वाले और बिना मंजूरी वाले दवाओं को आने से रोकने के लिए तुरंत कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा, 'इन दवाओं की गैर-कानूनी बिक्री महिलाओं को नुकसान पहुंचाती है और एफडीए के अमेरिकी कंज्यूमर्स की सुरक्षा के मुख्य मिशन को कमजोर करती है।'

## अमेरिकी अधिकारियों और सांसदों ने स्पेस में चीन के आगे बढ़ने की चेतावनी दी

» **वॉशिंगटन, यूटर्न/ 26 मार्च।**

अमेरिका के सीनेटरों और अधिकारियों ने इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) से कमर्शियल स्पेस प्लेटफॉर्म पर जाने में खतरों की चेतावनी दी है। दरअसल, चीन पृथ्वी की निचली कक्षा में अपनी मौजूदगी बढ़ा रहा है। इस वजह से अमेरिका अलर्ट हो गया है। हाउस साइंस कमेटी के चेयरमैन ब्रायन बैबिन ने कहा, 'इंटरनेशनल स्पेस स्टेशनङ्क एक शानदार कामयाबी है जो अमेरिकी स्पेस प्रोग्राम की काबिलियत को दिखाता है।' उन्होंने कहा कि आईएसएस ने 25 साल से ज्यादा समय से इंसानों की स्पेसफ्लाइट और रिसर्च में मदद की है। लेकिन उन्होंने कहा कि स्टेशन पुराना हो रहा है और अगले फेज को ध्यान से संभालना होगा। सब-कमेटी के चेयरमैन माइक हरिडोपोलोस ने चीन के साथ मुकाबले की जरूरत पर जोर देते हुए कहा, 'अमेरिका को लो अर्थ ऑर्बिट में लीड करना चाहिए।'

उन्होंने कहा कि स्पेस लीडरशिप सिर्फ डीप स्पेस मिशन के बारे में नहीं है। यह लो अर्थ ऑर्बिट में ताकत पर भी निर्भर करता है।



एयरोस्पेस सेफ्टी एडवाइजरी पैनल के मेंबर चार्ल्स जे. प्रीकोर्ट ने सेफ्टी से जुड़ी चिंताएं जताईं और कहा, 'आईएसएस अपनी लाइफसाइकल के सबसे ज्यादा खतरे वाले फेज में काम कर रहा है।' उन्होंने कहा कि पुराने होते सिस्टम और घिसाव से खतरा बढ़ रहा हैं। उन्होंने कहा, 'लगातार सेफ ऑपरेशन किया जा सकता है, लेकिन यह लगातार इंजीनियरिंग की सख्ती, डिसिप्लिन्ड रिस्क मैनेजमेंट और सही रिसोर्सिंग के बिना पक्का नहीं है।' प्रीकोर्ट ने इस बदलाव के बारे में भी चेतावनी दी और कहा, 'लो अर्थ ऑर्बिट में अमेरिका ूमन स्पेसफ्लाइट कैपेबिलिटी में गैप का एक भरोसेमंद रिस्क है।' उन्होंने कहा कि ऐसा गैप रिसर्च और भविष्य के मिशन पर असर डाल सकता है।

## इमरान खान के बेटे कासिम पिता से मिलने की गुहार लेकर पहुंचे यूएनएचआरसी, पाकिस्तान सरकार को घेरा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 मार्च।**

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के प्रमुख इमरान खान दो साल से ज्यादा समय से जेल में बंद हैं। इस दौरान उन्हें अपने बेटे से मिलने नहीं दिया जा रहा है। ऐसे में पीटीआई प्रमुख खान के बेटे कासिम खान ने बुधवार को यूनाइटेड नेशंस ूमन राइट्स काउंसिल (यूएनएचआरसी) में अपने पिता का मामला उठाया। कासिम ने कहा कि अधिकारियों का पूर्व प्रधानमंत्री के साथ बर्ताव अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कन्वेंशन का उल्लंघन है।

बता दें, इमरान खान को तोशखाना और भ्रष्टाचार मामले में 14 और 17 साल की सजा सुनाई गई है और 2023 से वह जेल में हैं। खान के कैद में जाने के बाद से उनकी पार्टी के लोग लगातार ये आरोप लगा रहे हैं कि पीटीआई चीफ को गलत इरादे से अकेले रखा जा रहा है; उन्हें किसी से भी मिलने नहीं दिया जा रहा है। जनवरी में यह बात सामने आने के बाद कि उन्हें आंख की बीमारी है,



उनके मेडिकल ट्रीटमेंट पर बार-बार चिंता जताई गई है। ऐसे में यूएनएचआरसी में उनके बेटे कासिम खान ने यूएनएचआरसी में इस मुद्दे को उठाया और कहा कि इमरान का मामला कोई अलग-थलग घटना नहीं थी। असल में, यह 2022 के बाद से पाकिस्तान में दमन के एक बहुत बड़े पैटर्न का सबसे साफ उदाहरण था। इस सिलसिले में उन्होंने राजनीतिक कैदियों की हिरासत, मिलिट्री कोर्ट द्वारा आम लोगों पर मुकदमा चलाने और उन्हें सजा देने और पत्रकारों को चुप कराने, किडनैप करने या देश निकाला देने का जिक्र किया।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *